卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक


# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 205 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦2 मई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## कार खाई में गिरने से एक की मौत, पांच लोग घायल

नैनीताल(उद संवाददाता)। पहाड़ों पर सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। सोमवार देर रात धाना चूली -पहाड़पानी मोटर मार्ग के चौरलेख के पास एक कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों में तीन की हालत गंभीर बतायी जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रात करीब 11 बजे एक ऑल्टो कार लोहाघाट से धारी की ओर जा रही थी। जिसमें सवार सभी लोग



एक पारिवारिक सगाई कार्यक्रम में लोहाघाट गए हुए थे। वहां से लौटते समय चोरलेख के पास कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को पदमपुरी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। नवीन चंद्र पुत्र सेवक राम निवासी ग्वालाकोट अघरिया की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई थी। वहीं विमला देवी, ईश्वरी राम, दीपक चंद्र, बुद्धि राम और गीता के घायल होने पर प्राथमिक उपचार किया गया। जिसमें तीन लोगों की हालत गंभीर होने (शेष पृष्ठ सात पर)

## बेकरी में आग से लाखों की क्षति

देहरादून (उद संवाददाता)। गांधी पार्क के सामने शहर की मशहूर बेक मास्टर नाम की बेकरी में सोमवार देर रात भीषण आग लग गई। आग के कारण बेकरी में लगे एसी कंप्रेसर में जोरदार धमाका भी हुआ। लगभग डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद 6 दमकलों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। तब तक आग से लाखों का नुकसान हो चुका था। बेक मास्टर शहर बेकरी के आगे और पीछे शटर लगे हुए हैं। पीछे की तरफ बेकरी का सामान बनाया जाता है, जबकि आगे दुकान है। बेकरी मालिक मनराज जौली और कारीगर सोमवार रात करीब साढ़े नौ बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। रात करीब साढ़े दस बजे किसी ने दुकान



के अगले हिस्से से धुआं निकलते देखा और इसकी सूचना मनराज को दी। मनराज मौके पर पहुंचे तो देखा कि बेकरी के दोनों तरफ से आग की लपटें निकल रही थीं। उन्होंने फायर सर्विस को फोन किया। कुछ देर बाद कोतवाली पुलिस और दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची, लेकिन आग नहीं बुझी। इसके बाद एक के बाद एक छह दमकल मौके पर पहुंची। जिनकी मदद से लगभग डेढ़ घंटे में आग पर काबू पाया गया। बेकरी के अंदर एलपीजी सिलेंडर भी रखे थे, जिन्हें सुरक्षित बताया जा रहा है। बेकरी के बगल में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शाखा और अन्य दुकाने हैं। ऐसे में बड़े हादसे का डर बना हुआ था।स्थानीय लोगों का कहना (शेष पृष्ठ सात पर)

## जंगल में युवक का शव मिलने से मचा हड़कम्प

देहरादून(उद संवाददाता)। मंगलवार को जौलीग्रांट एयरपोर्ट के पास कोठारी मोहल्ले के जंगल मे एक युवक की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस मामले में हत्या की आशंका जता रही है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर मामले की




जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, सुबह करीब साढ़े नौ बजे स्थानीय लोगों ने शव को देखा तो पुलिस को इसकी सूचना दी। कोतवाल राजेश शाह व चौकी इंचार्ज उत्तम रमोला ने बताया कि युवक के शरीर पर चोट के निशान भी हैं। मृतक युवक टिहरी का बताया जा रहा है। वह भानियावाला में किराए पर रहता था। मामले की जांच के लिए फोरेंसिक टीम बुलाई गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## रोके गये यात्रियों को केदारनाथ के लिए किया रवाना

### डीजीपी ने यात्रा मार्ग में लिया व्यवस्थाओं का जायजा, यात्रियों से की बातचीत

देहरादून(उद संवाददाता) ।केदारनाथ धाम में रुक- रुककर हो रही बारिश और बर्फबारी को देखते हुए रोके गए यात्रियों को प्रशासन ने मंगलवार रवाना करना शुरू कर दिया। सुबह आठ बजे तक सोनप्रयाग से 5887 तीर्थयात्रियों को धाम के लिए रवाना किया गया। इस बीच डीजीपी अशोक कुमार ने गौरीकुंड में यात्रा की व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। बता दें कि सोमवार को करीब नौ हजार यात्रियों को जगह-जगह रोक दिया गया था। केदारनाथ धाम में मौसम के अधिक खराब होने पर तिलवाड़ा से फाटा तक करीब ढाई हजार, सीतापुर से सोनप्रयाग तक करीब छह हजार और





गौरीकुंड में लगभग 500 यात्रियों को रोका गया था। यमुनोत्री धाम सहित यमुना घाटी में सुबह से ही बारिश जारी है। लेकिन मौसम की बेरुखी पर तीर्थयात्रियों की आस्था भारी पड़ रही है। बारिश के बीच पांच किमी की चढ़ाई चढ़ कर यात्री यमुनोत्री धाम पहुंच रहे हैं। केदारनाथ यात्रा को लेकर पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने फाटा, सोनप्रयाग और गौरीकुंड का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने ऑपरेशन मर्यादा केतहत नशा के(शेष पृष्ठ 7पर)

## नौकरी दिलाने के नाम पर युवती से 74800 ठगे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नौकरी के लिए ऑनलाईन आवेदन भरवाने के बाद अलग अलग मदों में रूपये जमा करवाकर एक युवती से 74 800 रूपये ठग लेने का मामला सामने आया है। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में कु. संगीता शर्मा पुत्री जवाहर लाल शर्मा निवासी इन्द्रानगर, पन्तनगर ने कहा है कि उसने जनवरी 2023 में डाटा इन्ट्री की जाब हेतु गूगल साइट विजिट की । 24.01.2023 को उसके मोबाईल पर एक महिला ने अपना नाम मुस्कान और स्वयं को दिल्ली एयर एशिया की एचआर बताया और कहा कि आपने डाटा इण्ट्री की जाब हेतु जो फार्म भरा है उसमें कन्फर्मेशन हेतु रजिस्ट्रेशन फीस रूपये 1350 कैनरा बैंक के खाते में जमा करनी पड़ेगी। संगीता का कहना है उसने अपने गूगपे से उक्त धनराशि जमा कर दी । उसके बाद मुस्कान का पुनः काल आया कि अब आपका आन लाईन इन्टरव्यू होगा । इसके बाद इन्टरव्यू अंजलि विकास व एक अन्य व्यक्ति द्वारा स्वयं को कम्पनी प्रबंधन के एचआर व अन्य सदस्य बताकर लिया गया। उसके बाद मेरी ईमेल आईडी से सलेक्शन लेटर व एप्लीकेशन भरने हेतु भेजी गयी। इसके बाद भुवन गुप्ता जिनको की कम्पनी का ट्रेनर बताया गया था का मोबाइल से काल आया और डाक्यूमेण्ट वेरीफिकेशन के नाम पर रूपये 3150 दिनांक 27.01.2023 को जमा किये गये । उसके बाद विकास द्वारा विभिन्न प्रकार के सत्यापन कार्यों हेतु घर आने व सिक्योरिटी इत्यादि के नाम पर विभिन्न शुल्क जमा कराने की बात बतायी गयी । संगीता का कहना है दिनांक 04.02. 2023 विकास के काल आने के बाद अपने गूगल पे आईडी से रूपये 15550, दिनांक 06.02.2023 को इंश्योरेंस सिक्योरिटी के नाम पर रूपये 20550, दिनांक 07.02.2023 को सैलरी एकाउण्ट ओपन करने के नाम पर रूपये 10,000 दिनांक:08.02.2023 को प्रोजेक्टर के नाम पर रूपये 4000 जमा कराये । दिनांक 14.02.20023 को विकास ने बताया कि केबिन अप्रूब्ड हो चुका है । जिस लिए आपको और रूपये जमा करने होगे। इस पर उसने दिनांक 14.02.2023 को उपरोक्त खाते में ही रूपये 10,000 जमा किये गये । दिनांक 15.02.2023 को विकास का काल आया कि आपका कम्पनी से लेटर अप्रूब्ड हो चुका है लेकिन मुझे कम्पनी द्वारा आपके घर की विजिट का आर्डर नहीं मिला है घर विजिट का आर्डर बनाने हेतु कम्पनी वाले रूपये 15000 कमीशन मांग रहे है। जिस पर विकास की बात का विश्वास कर पुनः 10,000 रूपये उसी खाते में जमा कर (शेष पृष्ठ सात पर)

## नशे में कार चला रही महिला ने खड़ी कार को टक्कर मारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत दिवस गाबा चौक पर रेड सिग्नल पर खड़ी कार को पीछे से नशे की हालत में कार चला रही महिला ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में कार में सवार मां एवं पुत्र को चोटें आ गईं। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में शिवेन्द्र मिश्र पुत्र स्व. वाचस्पति मिश्र निवासी आदर्श कालोनी ने कहा है कि वह अपनी कार संख्या यूके 06 बीएफ 1340 से बागवाला से रूद्रपुर अपने घर आ रहा था। जब वह गाबा चौक पर 7:45 बजे सायं पहुंचा तो रेड सिग्नल होने के कारण वह अपनी गाडी रोक कर सिग्नल खुलने का इन्तजार करने लगा। शिवेन्द्र का आरोप है तभी पीछे तेज रफ्तार से आ रही कार संख्या यूके 04 एके 5544 ने तेजी से उसकी कार के पीछे जोर से टक्कर मार दी। पीछे सीट पर उसकी माताजी व पुत्र बैठे हुए थे जिन्हें मामूली चोटे आई और कार आगे खड़ी कार संख्या यूके 06 एजी 4466 के पीछे जा टकराई कार पीछे व आगे से पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गई। उसकी कार को टक्कर मारने वाली कार की चालक महिला थी। जिसको वहां स्थित लोगों ने पहचान (शेष पृष्ठ सात पर)

## जौलीग्रांट से केदारनाथ के लिए शुरू हुई हेली सेवा

देहरादून (उद संवाददाता)। जौलीग्रांट हेलीपैड से पहली बार दो धामों के लिए किसी कंपनी की हेली सेवा शुरू हुई है। मंगलवार सुबह 7:40 बजे रुद्राक्ष कंपनी के हेलीकॉप्टर ने 11 यात्रियों को लेकर केदारनाथ धाम के लिए उड़ान भरी। यात्री सुबह छह बजे ही हेलीपैड पहुंच गए थे लेकिन, खराब मौसम के कारण हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर पाया था। मौसम साफ होने पर हेलीकॉप्टर केदारनाथ धाम के लिए रवाना हुआ। इस हेली सेवा के शुरू होने से तीर्थ यात्रियों को लम्बी पैदल यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। इस सेवा से कम समय में केदारनाथ की यात्रा संभव



हो पायेगी। रूद्राक्ष एविएशन के निदेशक श्रेया छाबरी ने बताया कि जौलीग्रांट में युकाडा के हेलीपैड से पहली बार रुद्राक्ष एविएशन के 18 सीटर एमआई डबल इंजन हेलीकॉप्टर की दो धामों के लिए सेवा शुरू हुई है। पिछले साल कंपनी के हेलीकॉप्टर ने हरिद्वार प्राइवेट हेलीपैड से उड़ान भरी थी।

## कोटेदार को प्रधान पति से जान का खतरा

**क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी को शिकायती पत्र देकर सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान चलाने से किया साफ इनकार,प्रधान पति पर एक-एक कुंतल गेहूं चावल मांगने का आरोप**

काशीपुर(उद संवाददाता)। प्रधान पति के उत्पीड़न व आतंक से दहशत में आए एक कोटेदार ने क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी को शिकायती पत्र देकर सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान चलाने से साफ इनकार कर दिया। कोटेदार का आरोप है कि प्रधान पति से उसे जान का खतरा हो गया है। यह मामला सुर्खियों में आने के बाद सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान चलाने वाले तमाम कोटेदारों में जनप्रतिनिधि की बेजा हरकतों को लेकर भारी आक्रोश फैलने लगा है। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी को दिए शिकायती पत्र में ग्राम जगतपुर/ गुलजारपुर के सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता हरबंस सिंह ने बताया कि प्रधान पति पिछले काफी समय से उसका शोषण कर रहा है। कोटेदार का आरोप है कि रंगदारी के रूप में हुआ काफी समय से एक एक कुंतल गेहूं चावल देता आ रहा है लेकिन अब उसकी सामर्थ्य नहीं है। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी को दिए शिकायती पत्र में कोटेदार ने कहा कि उसका कोटा खत्म कर राशन वितरण का तमाम कार्य किसी दूसरे कोटे से संबंध कर दिया जाए। कोटेदार ने कहा कि उत्पीड़न के कारण वह सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान छोड़ने पर मजबूर है। उसका यह भी कहना है कि उसे प्रधान पति से अनहोनी का अंदेशा है। उधर दूसरी ओर कोटेदार के साथ इस तरह की दबंगई व रंगदारी का मामला सुर्खियों में आने के बाद क्षेत्र के तमाम सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं में आक्रोश फैल चुका है। यानी केंद्र व प्रदेश सरकार जहां एक और जरूरतमंद परिवारों के भरण (शेष पृष्ठ सात पर)

# आखिर बीकेटीसी के नाम पर पेटीएम से किसके खाते में चढ़ाया जा रहे था दान?

## चारधाम यात्रियों से डिजिटल दान का खेल : क्यूआर कोड के बोर्ड लगाने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज,बीकेटीसी ने जगह-जगह लगाए गए पेटीएम के बोर्ड हटवाए

देहरादून। चारधाम यात्रा के बीच सोशल मीडिया पर पिछले कई दिनो से वायरल हो रही केदारनाथ धाम के बाहर मुख्य द्वार के समीप लगाये गये क्यूआर कोड के बोर्ड की तस्वीरों को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। इतना ही नहीं अब सवाल खड़े किये जा रहे है कि 24 अप्रैल को केदारनाथ और 27 अप्रैल को बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के बीच अब तक आखिर यह सब बिना अनुमति के पेटीएम से हुए दान की रकम आखिर किसके खाते में जमा हो रही है। वहीं बीकेटीसी ने डिजिटल दान लेने की परम्परा के खिलाफ कड़ा रूख जताया है और उत्तराखंड पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने मामले का संज्ञान लिया है। इधर तस्वीरे वायरल होने के बाद अब केदारनाथ और बदरीनाथ मंदिर में कई स्थानों पर डिजिटल दान देने के नाम पर लगाये गये पेटीएम क्यूआर कोड के बोर्ड लगाने के मामले में बीकेटीसी ने पुलिस को तहरीर दी है। समिति का कहना है कि मंदिरों में दान के लिए क्यूआर कोड के बोर्ड बीकेटीसी की ओर से नहीं लगाए गए थे। बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि दोनों धामों में कपाट खुलने के दिन ये बोर्ड लगाए गए थे। मामला बीकेटीसी के अधिकारियों के संज्ञान में आने पर उसी दिन बोर्ड उतार दिए गए थे। बीकेटीसी अधिकारियों ने पहले अपने स्तर से इस मामले की छानबीन की। इसके बाद रविवार को केदारनाथ मंदिर अधिकारी ने केदारनाथ पुलिस चौकी और बदरीनाथ में प्रभारी अधिकारी की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई है। बदरीनाथ धाम के पास चंदा मांगने के



लिए बिना अनुमति लगाए गए क्यूआर कोड के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। इसकी जानकारी खुद डीजीपी अशोक कुमार ने ट्वीट करके दी है। श्री बदरीनाथ धाम के पास चंदा मांगने के लिए बिना अनुमित लगाये गये क्यूआर कोड के संबंध में बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर कमेटी की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया है। श्री केदारनाथ धाम में भी ऐसा प्रकरण प्रकाश में आया है, जिस सम्बन्ध में शीघ्र ही मुकदमा पंजीकृत किया जायेगा। उन्होंने लिखा है कि श्री बदरीनाथ धाम के पास चंदा मांगने के लिए बिना अनुमित लगाये गये क्यूआर कोड के संबंध में बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर कमेटी की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया है। श्री केदारनाथ धाम में भी ऐसा प्रकरण प्रकाश में आया है, जिस सम्बन्ध में शीघ्र ही मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। रविवार को बदरीनाथ धाम में नारायण को चढ़ावा चढ़ाने के लिए पेटीएम के माध्यम से ऑनलाइन किए जाने का मामला विवादों में आ गया। मंदिर समिति ने बिना जानकारी के यह व्यवस्था किए जाने पर आपत्ति जताते हुए जगह-जगह लगाए गए पेटीएम बोर्ड हटवाए तथा थाने में तहरीर देकर कार्रवाई को भी कहा था। बदरीनाथ धाम में मंदिर के आस पास व आस्था पथ पर तीन से अधिक स्थानों में पेटीएम से दान के बोर्ड लगाए गए थे। बकायदा इसमें क्यूआर कोड भी लगाया गया था। इससे ऑनलाइन दान किए जाने को लेकर श्रद्धालु को प्रेरित किया जा रहा था। स्थानीय लोगों ने पेटीएम द्वारा दान को लेकर आपत्ति जताई थी। जिस पर मंदिर समिति ने तत्काल संज्ञान लेते हुए बोर्डों को हटवा दिया। श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि बिना बोर्ड व मंदिर समिति की सहमति से पेटीएम से दान के बोर्ड लगाए गए थे, जिन्हें हटा दिए गए तथा बदरीनाथ थाने में तहरीर देकर ऐसा कृत करने वालों के खिलाफ कार्रवाई को कहा गया।

# 2018 के बाद ऑनलाईन जमा चंदे का कोई अता-पता नहीं!

देहरादून। चारधाम यात्रा के दौरान पांच साल में पेटीएम से बदरीनाथ और केदारनाथ मंदिर में कितना चंदा आया है, इसकी जांच की जाएगी। 2017 में मंदिर समिति और पेटीएम के बीच अनुबंध हुआ था, लेकिन 2018 के बाद ऑनलाइन जमा चंदे का कोई अता-पता नहीं है। यहां तक कि मंदिर समिति की वर्तमान कार्यकारिणी को भी चंदे के लिए अनुबंध की कोई जानकारी नहीं है। मामले में मंदिर समिति से जुड़े कुछ कर्मियों की भूमिका भी संदिग्ध बताई जा रही है। मंदिर समिति ने दोनों मंदिर परिसर में लगाए गए क्यूआर कोड के बोर्ड हटा दिए हैं। समिति के अध्यक्ष, सीईओ, एसीईओ समेत अन्य अधिकारियों को क्यूआर कोड बोर्ड लगाने की जानकारी नहीं थी। मंदिर परिसर में बोर्ड लगाने पर समिति ने मुकदमा भी दर्ज कराया है। साथ ही इससे कितनी राशि मिली है, इसकी जांच कराने का निर्णय भी लिया गया है। मंदिर समिति की तरफ से मिले शिकायती पत्र में कहा गया कि कि क्यूआर कोड किसने लगाया, इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। अब, पुलिस के स्तर पर पूरे प्रकरण को परत दर परत खंगाला जाएगा। बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र अजय के अनुसार बदरीनाथ व केदारनाथ में क्यूआर कोड बोर्ड लगाने के बारे में मंदिर समिति को कोई जानकारी नहीं दी गई। पेटीएम के साथ 2017 में किन शर्तों पर अनुबंध किया गया और अब तक ऑनलाइन से कितना चंदा मिला है, इसकी जांच की जाएगी। पुलिस को अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दे दी गई है। साथ ही प्रशासन से भी जांच में सहयोग मांगा है। मामला गंभीर है, जिसकी आंतरिक रूप से भी जांच की जा रही है। पिछले साल चारधाम यात्रा के दौरान भी केदारनाथ मंदिर में पेटीएम का क्यूआर कोड बोर्ड लगा था। लेकिन बदरीनाथ धाम में इस बार ही यह बोर्ड लगाया गया था। बदरीनाथ और केदारनाथ धाम के मंदिरों में क्यूआर कोड लगाकर डोनेशन मांगे जाने के मामले में चौंकाने वाली जानकारियां सामने आई हैं। बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति की वेबसाइट पर मौजूद खाता और क्यूआर कोड वाला अकाउंट दोनों ही समिति के नाम पर हैं, लेकिन दोनों अकाउंट अलग अलग पैन नंबर से लिंक हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि मंदिर समिति के नाम पर दो पैन नंबर कैसे हो सकते हैं। जबकि नियम के मुताबिक किसी व्यक्ति या संस्था के पास एक से अधिक पैन नंबर नहीं हो सकते। समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जाएगी।



# कई वर्षों से ममता बनकर शकीरा चला रही थी क्लीनिक,50 हजार का जुर्माना

## गर्भवती महिलाओं का अवैध तरीके से किया जा रहा था प्रसव,क्लीनिक सील

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गर्भवती महिलाओं की अवैध तरीके से एक बिल्डिंग में हो रही डिलीवरी का प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने औचक छापेमारी कर भंडाफोड़ किया है। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्लीनिक संचालिका पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाने के साथ ही क्लीनिक को सील कर दिया है। बताया जाता है कि बरेली रोड गौजाजली में ममता बनकर शकीरा नाम की एक महिला अवैध तरीके से एक क्लीनिक का संचालन कर रही थी। जिसमें वह बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी करा चुकी है। लेकिन बीते कुछ दिन पहले डिलीवरी के दौरान लापरवाही बरतने पर एक महिला की हुई मौत के मामले में शिकायत स्वास्थ्य विभाग के पास पहुंची। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन मौके पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने अवैध डिलीवरी कराने वाली महिला के खेल का भंडाफोड़ किया। महिला अपना नाम बदलकर गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी करवाती थी। जिसके पास से स्वास्थ विभाग और



प्रशासन को बड़ी संख्या में दवाइयां मिली है। जिसे स्वास्थ्य विभाग ने जब्त कर लिया है। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह और एसीएमओ रश्मि पंत द्वारा यह बड़ी कार्रवाई की गई है। दोनों ही अधिकारियों ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि यहां पर अवैध तरीके से क्लीनिक महिला द्वारा चलाया जा रहा था। जिस बिल्डिंग में यह क्लीनिक चल रहा था उस बिल्डिंग के दूसरी मंजिल पर फिटनेस जिम का संचालन भी हो रहा था। क्लीनिक में इस दौरान भारी मात्रा में बायोवेस्ट भी पकड़ा गया है। जिस पर 50000 रुपए का जुर्माना लगाया गया है। साथ ही क्लीनिक को प्रशासन द्वारा सील कर दिया गया है। ममता बनकर क्लीनिक चलाने वाली शकीरा ने मीडिया से यह बात कबूली कि उसके द्वारा कई सालों से यहां पर क्लीनिक चलाकर महिलाओं की डिलीवरी की जा रही थी। सिटी मजिस्टेट ऋचा सिंह ने कहा कि क्लीनिक की संचालिका शाकिरा उर्फ ममता द्वारा आम का बगीचा गौजाजाली मे अवैध रूप से क्लीनिक चलाया जा रहा था। उन्होंने बताया छापेमारी में 17 दवाओं के पैकेट के साथ ही अन्य सामग्री सीलबन्द की गई तथा अवैध क्लीनिक को मौके पर ही सीलबन्द कर दिया गया। उन्होंने बताया कि अवैध क्लीनिक में पाये गये बायो मेडिकल वेस्ट पर 50 हजार का जुर्माने के साथ ही अन्य विधिक कार्यवाही हेतु थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि शहर मे जहां भी अवैध क्लीनिक संचालित हो रहे उनके खिलाफ भविष्य में कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# 24 से 28 मई तक प्रस्तावित जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियों में जुटा शासन

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने सोमवार को सचिवालय में 24 से 28 मई तक प्रस्तावित जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक लेते हुए कहा कि सम्मेलन के दौरान प्रतिभागियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो इसके लिए विस्तृत रूपरेखा तैयार कर ली जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रतिभागियों को एयरपोर्ट पर एयरपोर्ट अथॉरिटी एवं जिला प्रशासन आपसी सामंजस्य से हेल्प डेस्क उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने प्रतिभागियों के आवागमन के दौरान यातायात व्यवस्था दुरूस्त रखते हुए सुरक्षा के विशेष प्रबन्ध सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यातायात योजना इस



प्रकार से तैयार की जाए, कि जी-20 के प्रतिभागियों को कोई समस्या हो। न ही चारधा म यात्रा के यात्रियों और आमजन को परेशानी का सामना करना पड़े। मुख्य सचिव ने कहा कि जी-20 को देश-विदेश से आए प्रतिभागियों के समक्ष अपने प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति की झलक पहुंचाने के अवसर के रूप में देखते हुए इस कार्यक्रम में प्रदेश के पर्यटन, कला, संस्कृति, योग आदि की जानकारियां उपलब्ध करायी जाएं। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव श्री आर. के सुधांशु, एडीजी लॉ एंड ऑर्डर श्री वी. मुरुगेशन, सचिव डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, श्री आर. राजेश कुमार, श्री विनोद कुमार सुमन, श्री एस.एन. पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

# सड़कों के निर्माण के लिए किया धरना प्रदर्शन

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। विधानसभा की खस्ताहाल सड़कों के सुधारीकरण, डामरीकरण एवम सड़क की दीवारों में सुरक्षा दीवार लगाने की मांग के साथ ही विधानसभा की अधूरी पड़ी सड़कों के निर्माण की मांग को लेकर उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग अल्मोड़ा के कार्यालय में धरना दिया तथा प्रदेश सरकार एवम विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।मुख्य अभियन्ता,लोक निर्माण विभाग अल्मोडा के कार्यालय में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार हुए इस एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन में श्री कर्नाटक ने कहा कि विभाग की उदासीनता लापरवाही के कारण अल्मोड़ा शहर की आन्तरिक सड़कों जिनमें लोअर माल रोड से गैस गोदाम-माल रोड सम्पर्क मार्ग,रानीधारा मार्ग,एन.टी.डी.से बीरशिवा मार्ग, खत्याडी से मेडिकल कालेज,गरगूढ से स्यालीधार, चौसलीकोसी, बाडेछीना-शेराघाट, गैराड से कलौन (धौलछीना), बेतालेश्वरस्यालीधार, लोधिया चौमूकपिलेश्वर, खूंट-ज्योली-बसर तथा हरडा शितलाखेत आदि सड़कें बदहाल स्थिति में हैं और सुधारीकरणमरम्मतडामरीकरण की राह



देख रही हैं तथा कुछ नये मार्ग भूमि का मुआवजा आदि के वितरित न होने से अभी तक रूकी हुई हैं। उन्होंने कहा कि वे उपरोक्त सडकों की मरम्मत/सुधारीकरण/डामरीकरण तथा नये मार्गो का मुआवजा वितरण कर निर्माण कार्य प्रारम्भ करने के लिये सरकार तथा विभाग को चार माह का समय पुनः दे रहे हैं । यदि इसके बाद भी सडकों की स्थिति यथावत् बनी रहती है तो जनता के रोष को देखते हुये उन्हें नागरिकों के साथ दिनांक 01 सितम्बर 2023 से अनिश्चित कालीन आमरण अनशन पर बैठने को बाध्य होना पडेगा जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी सरकार व लोक निर्माण विभाग की होगी।इस अवसर पर मुख्य रूप से दीपक पोखरिया, दीपांशु पाण्डे,गौरव काण्डपाल, गोपाल तिवारी,उमेश रैक्वाल, रमेश चंद्र जोशी, हंसा दत्त कर्नाटक, राकेश बिष्ट, रोहित शैली, शहाबुद्दीन, अशोक सिंह,सुधीर कुमार,अमर बोरा, भूपेंद्र भोजक, भास्कर बिष्ट, गौरव अवस्थी, हिमांशु कनवाल, सुमित बिष्ट, राजकुमार, देवेन्द्र सांगा, ईशान खान, मनीष ग्वासीकोटी, फैजान खान,जिशान खान,भावना काण्डपाल, कंचन शैली,शोभा जोशी, ज्योति गोस्वामी, बन्दना जोशी, मीना भट्ट,हिमांशी अधिकारी, सीता रावत,गीता तिवारी,निशा काण्डपाल, रश्मि काण्डपाल, कविता पाण्डे,सुनीता बगडवाल, आशा मेहता प्रकाश मेहता सहित स्थानीय नागरिक ग्राम प्रधान,जिला पंचायत सदस्य आदि उपस्थित रहे। संचालन पूर्व कांग्रेस जिला प्रवक्ता राजीव कर्नाटक द्वारा किया गया।

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

जगदीश कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड, गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

मकान बिकाऊ
भगत सिंह चौक रूद्रपुर में 15x30 में बना पांच मंजिला कामर्शियल (फ्रीहोल्ड) भवन बिकाऊ है।
संपर्क करें
मो. 7017360462

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657


# मई दिवस पर श्रमिकों से की एकजुटता की अपील

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मई दिवस सयुक्त समिति ने मई दिवस के शहीदों को याद करते हुए मई दिवस का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया। रोडवेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने मई दिवस के इतिहास पर बात रखते हुए कहा कि मई दिवस का इतिहास दुनिया के मेहनतकशों की एकता का



प्रतीक दिन है। यह संघर्षो के लिए याद किया जाने वाला दिन हैं। उन्होंने कहा आज के दौर में मई दिवस का कार्यक्रम ज्यादा प्रासंगिक हो जाता है। जब सरकारें मजदूरों पर लगातार हमलावर हैं। मजदूरों को मिले अधिकार लगातार कम किए जा रहे हैं। सरकारें श्रम कानूनों को खत्म कर रही हैं। 44 श्रम कानूनों को खत्म कर चार श्रम कोड्र में बदल दिया है। मजदूर, मेहनतकश जब भी अपने अधिकारों की आवाज उठाते हैं तो सरकारें उनकी आवाज को दबाने में लगी हैं। वक्ताओं ने कहा सरकारें मजदूर सहित समाज के सभी वर्गों पर हमलावर है। शिक्षा रोजगार छीने जा रहे हैं। महंगाई लगातार आसमान छू रही है। नागरिकों के अधिकार कम किये जा रहे हैं। आज की सरकारें व पूंजीवादी व्यवस्था मजदूर वर्ग सहित सभी पर हमलावर हैं। मेहनतकशों को इसके खिलाफ एकजुट तरीके से मिलजुल संघर्ष करना होगा। कार्यक्रम में रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के महेंद्र सिंह जीना, ऐक्टू के प्रदेश महामंत्री केके बोरा, भाकपा माले जिला सचिव डा कैलाश पांडे, जनवादी लोक मंच के हेम चन्द्र जोशी, क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन के मोहन मटियाली, सनसेरा श्रमिक संगठन से दीपक कांडपाल, प्रगतिशील महिला एकता केंद्र से रजनी जोशी, आशा वर्कर यूनियन से कमला कुंजवाल, उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी से दीवान सिंह खनी, परिवर्तनकामी छात्र संगठन से महेश, समता सैनिक दल से जगदीश चन्द्र, सहित टीआर पांडेय, धन सिंह गड़िया, विपिन चन्द्र, राजेंद्र प्रसाद, नवीन चन्द्र, सुमन बिष्ट, ललित जोशी, चंद्र सिंह, गोकुल कुमार, प्रकाश सिंह, आनंद सिंह, जगदीश कांडपाल, मनोज कुमार, राजेंद्र सिंह नेगी, अमित कुमार, आनंद, राजेंद्र प्रसाद, नवल किशोर, कौशल जोशी, जगदीश, अरविंद पांडे, विकी प्रजापति, जीवन, हेम चंद्र जोशी, मुकेश भंडारी, शाहजेब, रियासत अली, रईस, मूवी पोटलिया, गोपाल जोशी, कौशल कुमार, केके बांग, विनोद, उमेश, मदन सिंह बिष्ट, जीवन सिंह, ललित जोशी, ललित चंद्र, दर्शन बीटी, अनिल कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे। संचालन मनोज पाण्डेय व रजनी जोशी ने संयुक्त रुप से किया।

# महाराष्ट्र एवं गुजरात की संस्कृति ने मोहा मन

देहरादून (उद संवाददाता)। राजभवन में महाराष्ट्र एवं गुजरात राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र समाज कार्यकारिणी समिति, गुजराती समाज समिति और हरिद्वार गुज्जू परिवार समिति के सदस्यों सहित उत्तराखण्ड में कार्यरत महाराष्ट्र और गुजरात मूल के अधिकारियों और उनके परिवारजनों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर दोनों राज्यों की समृद्धशाली परम्परा और लोक संस्कृति पर आधारित शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इन प्रस्तुतियों में दोनों राज्यों की वैभवशाली सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिली। इस कार्यक्रम में उपस्थित राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने उपस्थित दोनों राज्यों के निवासियों को स्थापना दिवस के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज का दिन दो जीवंत और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध राज्यों की नींव रखे जाने का दिन है, जिन्होंने भारत के इतिहास को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गुजरात अपनी समृद्ध संस्कृति, विरासत और परम्पराओं के लिए जाना जाता है, जो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जन्मस्थली भी है। वहीं महाराष्ट्र भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई का घर है। यहां पर छत्रपति शिवाजी सहित अनेक महापुरुषों ने जन्म लिया है। राज्यपाल ने कहा कि यह बेहद सराहनीय प्रयास है कि हम सभी दोनों राज्यों के स्थापना दिवस को मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह भारत की ही विशेषता है कि यहां विविधताओं के बावजूद भी एकता है। इस तरह के कार्यक्रम राष्ट्र एकता के लिए बेहद जरूरी है। इस अवसर पर सचिव श्री राज्यपाल ने उपस्थित दोनों राज्यों के निवासियों को राजभवन में स्वागत करते हुए उन्हें स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय गृह सचिव द्वारा सभी राज्यों में अन्य राज्यों के स्थापना दिवस को मनाने के निर्देश प्राप्त हुए जिसके परिप्रेक्ष्य में राजभवन में आज यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने दोनों राज्यों से पधारे सभी आगंतुकों का धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम में प्रथम



महिला श्रीमती गुरमीत कौर, अपर सचिव स्वाति एस भदौरिया, आईजी कार्मिक विम्मी सचदेवा, डीआईजी अनंत शंकर ताकवाले, अपर सचिव विजय जोगदण्डे, वरिष्ठ वित्त अधिकारी एनएचएम श्रीमती दीपाली नीलेश भरणे सहित महाराष्ट्र एवं गुजरात समुदाय के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वित्त नियंत्रक डॉ तृप्ति श्रीवास्तव ने किया।

# कृषि मेले में किसानों को दी गई विभिन्न जानकारियां

गदरपुर(उद संवाददाता)। ग्राम रजपुरा नं.2 में कृषि विभाग के सौजन्य के कृषि मेले का आयोजन किया गया। मेले में करीब आधा दर्जन विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाये गये जिसमें उपस्थित लोगों को कृषि संबंधी जानकारियां देते हुए उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। आयोजित मेले का शुभारम्भ मेले की अध्यक्षता कर रहे 'आत्मा' संस्था के ब्लाक अध्यक्ष हरनाम चन्द एवं डा.



प्रतिभा सिंह कृषि विज्ञान केन्द्र काशीपुर द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। मेले में कृषि विभाग, पशुपालन विभाग,उद्यान विभाग, डेयरी विभाग द्वारा स्टाल लगाये गये तथा वहां पहुंचे किसानों को विभिन्न प्रकार की जानकारी उपलब्ध करवायी गयी। वहीं पशु पालन विभाग द्वारा पशु पालकों को ऋण संबंधी जानकारी उपलब्ध करवायी गयी। इस मौके पर मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी,पशु चिकित्साधिकारी डा.रवि शंकर झा,ब्लाक मत्सय प्रभारी नवनीत सिंह,गन्ना सुपर वाइजर जीवन सिंह खड़वाल,ब्लाक प्रभारी रेशम विभाग सुभाष नयाल,एडीओ कृषि अनिल अरोरा,विमला रानी, पूजा,राजरानी,भगवानदास, धर्मपाल,गुरचरन ,हरीराम,श्याम चंद,कृष्णप्रकाश सिंह,हरलोक सिंह,त्रिलोक चन्द,रमेश कुमार, ज्ञान चन्द,आशीष,बलविन्दर सिहं,आनंद सिंह आदि मौजूद थे।

# विभिन्न संगठनों ने मनाया केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट का जन्मदिन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा व पर्यटन राज्य मंत्री नैनीताल के सांसद अजय भट्ट के जन्मदिन के उपलक्ष में रामलीला ग्राउंड धर्मशाला में नगर के विभिन्न संगठनों व व्यापारियों ने उनका जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया। जिसमें जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, जिला महामंत्री नवीन भट्ट, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री



तरुण बंसल, कार्तिक हरबोला, मनीष पाल, महेंद्र कश्यप, कनिष्क ढींगरा, रविंदर वाली विभिन्न संगठनों के व्यापारी जिसमें अमरजीत सिंह चड्ढा, सुशील अग्रवाल पप्पी, अमरनाथ जोशी, पंकज कपूर, नीरज प्रभात गर्ग, कैलाश जोशी, राजीव अग्रवाल, घनश्याम रस्तोगी, भोलानाथ केसरवानी, प्रेम मदान, मुकेश ढींगरा, सीमा देवल, नरेंद्र साहनी, देवेश अग्रवाल, डीके गुप्ता, ओम प्रकाश साहू, हीरा लाल साहू, रजत माहेश्वरी, मुकेश खंडेलवाल, गिरीश केसरवानी, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, संजय त्यागी, प्रेमलता केसरवानी, श्वेता राजपूत, प्रकश कंसल, राजेश साहू, अमोल मेहरोत्रा, मनोज अग्रवाल, रोहित ठाकुर, पवन बिष्ट, कनक अग्रवाल, मनोज चौहान, लव मित्तल, रवि गुप्ताआदि लोग उपस्थित थे।

# एलआईसी के सीडीओ पंकज को सेवानिवृत होने पर दी विदाई

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय जीवन बीमा निगम के वरिष्ठ विकास अधिकारी पंकज गुप्ता के स्वेच्छीक सेवानिवृत होने पर उन्हें निगम के विकास अधिकारी कर्मचारी और लोगो को पालीसिया बेच कर उनके भविष्य को सुरक्षित करने का कार्य किया गया। उनकी सेवानिवृति के इस अवसर पर सभी के द्वारा उन्हें माल्यार्पण कर उनके उज्जवल भविष्य



बीमा अभिकर्ताओ द्वारा उनके विदाई समारोह में विदाई दी गई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। श्री गुप्ता द्वारा विगत कई वर्षो से निगम में पॉलिसियों का व्यवसाय कर अपना नाम कार्यालय में प्रथम स्थान पर बनाये रखा। उनके मार्ग निर्देशन में कई अभिकर्ताओ ने सर्वोच्च कार्य कर अपनी आमदनी को बढाने के साथ की कामना की। इस अवसर पर विकास अधिकारी अमित साह, विजय पाठक, आशीष सुमन, मनीष ब्रजवासी, दीपक पंत, नेहा आर्या, तुहिन उप्रेती, विनोद आर्या, तनूजा जोशी, राकेश जोशी, प्रमोद धसमाना, अरुण आर्या, जगदीश आर्या, राजेश, सुरेश पाठक, देवेंद्र मेहरा, नंदन रोतेला, आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वार्ड 59 गौजा जाली के पार्षद रईस अहमद गुड्डू द्वारा वार्ड में स्थित कुमाऊं एजुकेशन एकेडमी स्कूल में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें जर्मनी की एनालाइजर मशीन द्वारा शिविर में आए व्यक्तियों की संपूर्ण शरीर की जांच निशुल्क की गई। जिसका लाभ डेढ़ सौ



नागरिकों ने उठाया और इस कार्य के लिए क्षेत्र के नागरिकों ने पार्षद रईस अहमद गुड्डू को धन्यवाद किया। आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर में डॉ. एस कुमार, संजय मोदक, ब्रजमोहन सागर द्वारा अपनी सेवाएं दी गई। पार्षद रईस अहमद गुड्डू ने कहा कि आगे भी वार्ड में स्वास्थ्य शिविर लगते रहेंगे। इसका लाभ सभी सम्मानित जनता ने उठाना चाहिए।

# रिक्शा चालकों को बांटे वाटर कूलर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रामपुर रोड स्थित हिन्दू धर्मशाला में विश्व श्रमिक दिवस के अवसर पर महिला खत्री समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर निगम महापौर डॉ जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला ने रिक्शा चालकों को वाटर कूलर वितरण किया। इस अवसर पर पूर्व दर्जा राज्यमंत्री अनिल कपूर



ढब्बू, नगर निगम पार्षद विपिन जोशी, भाजपा नेता कपिल अग्रहरि, संस्था अध्यक्ष श्रीमती अरूणा टण्डन, सचिव श्रीमती राधा टण्डन, कोषाध्यक्ष श्रीमती संगीता टण्डन, श्रीमती अल्का टण्डन, श्रीमती रितु टण्डन, श्रीमती लगन टण्डन उपस्थित रहे।

# भालू के हमले में घायल को विधायक ने दी राहत राशि

कपकोट(उद संवाददाता)। विधायक सुरेश गढ़िया ने पिछले साल 13 नवंबर को भालू के हमले में जख्मी हुए भनार गांव निवासी शेर सिंह कोरंगा को मुख्यमंत्री राहत कोष से मंजूर कराए गए 50 हजार रुपए की सहायता राशि का चेक भेंट कियास विधायक ने कहा कि वन विभाग मानक के अनुसार पीड़ित को मुआयजा देगास पीड़ित ने बताया कि भालू के हमले में उनकी दाई आँख चली गई है जबड़ा बुरी



तरह जख्मी है काफी इलाज करा दिया हैस इलाज में काफी पैसा खर्चा आने से ठीक से इलाज नहीं करा पा रहा हैस उन्होंने विधायक के सहयोग का आभार जतायास विधायक ने कहा सरकार पीड़ितों और गरीबों की हर संभव सहायता कर रही हैस वहां पूर्व गणेश चंद्र उपाध्याय, भूपेश फरत्याल, सोनू देव और चंद्र सिंह कपकोटी थे।

# कमिश्नर ने रानीखेत एवं चौखुटिया का किया निरीक्षण

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। आयुक्त कुमाऊं मण्डल, दीपक रावत ने तहसील रानीखेत एवं चौखुटिया का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम उन्होंने रानीखेत तहसील पहुंचकर तहसील के विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया तथा सभी कार्यों को समयबद्ध एवं पारदर्शिता के साथ करने के निर्देश दिए। इस दौरान आयुक्त ने तहसील के रिकॉर्ड रूम, पुराने वाद, भूमि से संबंधित प्रकरण, खाता खतौनी आदि के रिकॉर्ड देखे तथा सभी कार्यों के व्यवस्थित होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। साथ ही उन्होंने संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत जयकिशन को सभी प्रकार के पुराने प्रकरणों का जल्द निस्तारण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदार को निर्देश



दिये कि बैनामा होने के 35 दिन के अन्दर दाखिल–खारिज की कार्यवाही पूर्ण कर ली जाय जिससे भूमि की धोखाधड़ी को रोका जा सके साथ ही विवादित मामलों का निस्तारण भी शीघ्र किया जाय। उन्होंने निर्देश दिये कि जो व्यक्ति अपनी भूमि को अकृषक कराना चाहते है उसकी पंजिका प्रतिदिन बनायी जाय और इस कार्य का त्वरित निस्तारण किया जाय जिससे लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।इसके पश्चात उन्होंने तहसील चौखुटिया पहुंचकर भी इसी प्रकार तहसील प्रशासन के कार्यों का निरीक्षण किया तथा इस संबंध में संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त यहां पर जनप्रतिनिधियों ने आयुक्त से मिलकर उनके सम्मुख क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया जिस पर उन्होंने जल्द ही सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया।यहां उपजिलाधिकारी द्वाराहाट जयवर्धन शर्मा, तहसीलदार विवेक राजौरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# निर्माणाधीन मानसिक रोगी पुनर्वास गृह का किया निरीक्षण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। निदेशक समाज कल्याण आशीष भटगांई ने सोमवार को फूलसुंगा में निर्माणाधीन मानसिक रोगियों हेतु पुनर्वास गृह निरीक्षण किया। उन्होने निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिये कि निर्धारित अवधी में गुणवत्तायुक्त कार्य को पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि गुणवत्ता में किसी प्रकार



लापरवाही न बरते। उन्होने पुनर्वास गृह के मुख्य भवन, स्टॉफ क्वाटर व बाउण्ड्री वॉल के निर्माण के बारे में विस्तार से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मुख्य वित्त नियंत्रक सुश्री कमलेश भण्डारी, उप निदेशक वासुदेव आर्या, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, जेई विकास वर्मा आदि उपस्थत थे।

# समाज में जागृत पैदा करता है साहित्य: डा.निशंक

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश में आयोजित दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं प्रतिभागी सम्मान समारोह का शुभारंभ किया। हिमालय विरासत ट्रस्ट एवं स्याही ब्लू बुक्स दिल्ली तथा हिमालयी विश्वविद्यालय, देहरादून के संयुक्त तत्वाधान में निशंक की सृजन यात्रा: अवदान एवं मूल्यांकन पर आयोजित यह संगोष्ठी पूर्व सीएम एवं सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक के समग्र साहित्य के मूल्यांकन पर आधारित थी। इस कार्यक्रम में विदेश एवं देश के विभिन्न राज्यों से पधारे साहित्य कर्मियों, बुद्धिजीवियों एवं हिन्दी सेवियों ने प्रतिभाग किया। इस संगोष्ठी में राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक एक प्रखर राजनीतिज्ञ होने के साथ–साथ प्रसिद्ध लेखक भी हैं। ऐसा संयोग बहुत कम देखने को मिलता है कि लेखन और राजनीति एक साथ चलते हों, किन्तु डॉ. निशंक ने दोनों को एक साथ साधा है। उनकी अब तक 108 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिन पर 108 रविवार को वेबिनार के माध्यम से समीक्षा एवं चर्चा हो चुकी है। उन्होंने कहा कि डॉ. निशंक की सबसे लम्बी साहित्यिक वार्ता 'रविवारीय पुस्तक वार्ता' की 50 वार्ताएं पूर्ण होने पर उन्हें वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड लंदन एवं 75 श्रृंखलाएं पूर्ण होने पर 'हावर्ड वर्ल्ड रिकॉर्ड सम्मान' मिला है जो अपने आप में प्रशंसनीय है। राज्यपाल




ने कहा कि साहित्य समाज में जागृत पैदा करता है और दिशा देने का कार्य करता है। यह भी कहा जाता है कि साहित्य समाज का दर्पण होता है। समाज में जब–जब कोई बड़ा परिवर्तन होता है जो साहित्य पर भी उसका असर पड़ता है। कई बार तो साहित्य ही समाज में परिवर्तन करता है। उन्होंने कहा कि साहित्य ने हमें शब्दों का ज्ञान दिया है, हर एक शब्द में जो ताकत है उसे हमें समझना जरूरी है। साहित्य के एक शब्द में असीमित शक्ति होती है।राज्यपाल ने कहा कि हमारा साहित्य प्राचीन और समृद्ध है। साहित्य के माध्यम से हमारे साहित्यकार देश की चेतना को एक नया आयाम दे रहे हैं। हमारे युवाओं के संकल्पों में स्फूर्ति जागृत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की उन्नति एवं प्रगति साहित्यकारों का महत्वपूर्ण योगदान है। साहित्य से हमारी युवा पीढ़ी को प्रेरित करने का कार्य किया जाता है। उत्तराखण्ड देवभूमि होने के साथ–साथ साहित्य और काव्य रचना की भूमि है। यहां जिस प्रकार से माँ गंगा का प्रवाह गतिशील रहता है। उसी प्रकार से ज्ञान, विज्ञान, आध्यात्म, कला और साहित्य का प्रवाह भी निरंतर प्रवाहित रहता है।इस कार्यक्रम में डॉ.रमेश पोखरियाल निशंक, परमार्थ निकेतन के परमाध्यक्ष स्वामी चिदानंद मुनि, कुलपति अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय वर्धा महाराष्ट्र प्रो. रजनीश शुक्ल, कुलपति वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय प्रो. निर्मला मौर्य, श्रीमती अश्विनी के गांवकर, डॉ रश्मि खुराना, डॉ.योगेन्द्र नाथ शर्मा सहित अनेक साहित्यकार उपस्थित थे।

# एसडीएम ने ग्राम आर्य नगर में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

गदरपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र के ग्राम आर्य नगर में ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर एक समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सर्राफा बाजार मार्केट में सड़क से किसानों को निकलने में आ रही दिक्कतों के अलावा नाला, सड़क निर्माण, विद्युत ट्रांसफार्मर आदि समस्याएं छाई रही। ग्रामीणों की मांग पर एसडीएम ने सड़क, नाला मार्ग और सराफा बाजार का जायजा लिया। सोमवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय आर्य नगर में उप जिलाधिकारी अनामिका की अध्यक्षता में एक बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया शिविर में स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, विद्युत विभाग, खाद्य आपूर्ति, शिक्षा विभाग के अलावा तमाम विभागीय अधिकारी शामिल हुए। शिविर में ग्रामीणों ने बताया कि सर्राफा बाजार में दोनों ओर वाहन लगाने से किसानों को निकलने में तमाम कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है उन्होंने कहा कि सर्राफा कारोबारियों ने अपनी दुकानों के आगे सड़क पर सीढ़ियों का भी निर्माण कर रखा है। उन्होंने सराफा बाजार को अवैध अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की। लोड होने के कारण इसकी क्षमता को बढ़ाया जाना चाहिए उन्होंने विद्युत ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाए जाने के साथ ही उसको गांव से बाहर लगाने की भी मांग की। शिविर में नाला निर्माण, नहर में दूषित जल के अलावा बिष्ट, लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष सतपाल बाबू, खंड शिक्षा अधिकारी भास्करानंद पांडे, खंड विकास अधिकारी शेखर जोशी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ संजीव सरना, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ रवि शंकर झा,




ग्रामीणों का कहना था कि आर्य नगर से गुमच्या जाने वाला मार्ग बेहद क्षीण अवस्था में है जिसके कारण ग्रामीणों को करीब 10 किलोमीटर होकर जाना पड़ता है उनका कहना था कि गांव में लगे विद्युत ट्रांसफार्मर पर अत्यधिक भी तमाम समस्याएं छाई रही जिस पर एसडीएम ने ग्रामीणों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। एसडीएम अनामिका ने नाला, जर्जर सड़क एवं सराफा बाजार का निरीक्षण भी किया। शिविर में नायब तहसीलदार देवेंद्र सिंह पूर्ति निरीक्षक हरिश्चंद्र, मोहनलल राजभर, के अलावा तमाम विभागीय विभागीय अधिकारियों के अलावा जिला पंचायत प्रतिनिधि सुरजीत सिंह सोनू, ग्राम प्रधान केतन आर्य सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# मई दिवस पर श्रमिक संगठनों ने निकाला जुलूस

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर श्रमिक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले सिडकुल पंतनगर की विभिन्न ट्रेड यूनियनों मजदूर संगठनों व सामाजिक संगठनों द्वारा शहर स्थित अंबेडकर पार्क में एक आम सभा की व सभा पश्चात शहर में जुलूस निकाला। सभा में वक्ताओं ने कहा कि 1 मई को पूरी दुनिया के मजदूर 8 घंटा काम 8 घंटा आराम 8 घंटा मनोरंजन की मांग पर संघर्ष करने वाले अमेरिका के शिकागो के मजदूरों ने शहादत देकर भी पूंजीपति वर्ग को अपनी मांग मनाने को मजबूर किया था उन उन शहीदों को याद करने व पूंजीपति वर्ग द्वारा मजदूर वर्ग के शोषण उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष को आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हैं।वक्ताओं ने कहा कि शिकागो के शहीदों को याद कर पूरी दुनिया के मजदूर वर्ग में 8 घंटे कार्य दिवस के संघर्ष को आगे बढ़ाते हुए अपने–अपने देशों के शासक वर्ग को 8 घंटे कार्य दिवस का कानून बनाने को मजबूर किया था। पूंजीपति वर्ग द्वारा मजदूरों के भयंकर दमन के बाबजूद मजदूरों द्वारा अक्टूबर 1917 में रुस व 1949 में चीन सहित दुनिया के एक तिहाई हिस्से पर अपना राज कायम किया था।और अपने एकजुट संघर्ष के दम पर मजदूर वर्ग ने ढेरों कानूनी अधिकार हासिल किए थे। वर्तमान समय जब पूरी दुनिया में कहीं भी मजदूर वर्ग का राज नहीं है और मजदूरों के संघर्ष कमजोर पड़े तब पूरी दुनिया के पूंजीपति वर्ग पुनः मजदूर वर्ग पर हमला हुआ है मजदूरों के कानूनी अधिकारों को धीरे धीरे छीना जाने लगा है।हमारे देश भारत में भी 1991 से निजीकरण उदारीकरण वैश्वीकरण की नीतियों को लागू कर देशी –विदेशी पूंजीपति वर्ग के हितों में भारत सरकार द्वारा मजदूरों का शोषण उत्पीड़न को बढ़ाया है। द्वितीय श्रम आयोग की रिपोर्ट के तहत मजदूरों के कानूनी अधिकारों को खत्म कर मजदूरों पर हमला करने की नीति अपनाई गई। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा मजदूरों को हासिल केंद्रीय श्रम कानूनों को समाप्त सरकार कारपोरेट पूंजी की सेवा में सार्वजनिक क्षेत्रों को धड़ल्ले से पूजी पतियों को बेच रही है।वक्ताओं ने कहा कि सिडकुल क्षेत्र में मजदूरों का शोषण




कर 4 लेबर कोड बनाकर मजदूरों को 100 साल पीछे गुलामी की स्थिति में पहुंचाने का रास्ता तैयार कर दिया है स्थाई रोजगार के स्थान पर फिक्स टर्म नीम ट्रेनी ठेकेदारी प्रथा चरम पर है मोदी चरम पर है ठेकेदारी प्रथा व नीम ट्रेनी फिक्स टाइम द्वारा पूंजीपति वर्ग फैक्ट्रियां चला रहा है। स्थाई मजदूरों को बाहर किया जा रहा है । माइक्रोमैक्स के मजदूर करीब साढ़े 4 साल से कार्यबहाली को संघर्ष कर रहे हैं। इन्टरार्क के मजदूरों का जिला प्रशासन के समक्ष समझौता करने के बाद भी प्रबंधन द्वारा कार्यबहाली नहीं की जा रही है। पीडीपीएल व जाईडस (सितारगंज) के मजदूरों की गेट बंदी के खिलाफ संघर्ष जारी है।कार्यक्रम पश्चात शहर में जुलूस निकाला गया।कार्यक्रम में निम्न संगठन श्रमिक संयुक्त मोर्चा से अध्यक्ष दिनेश तिवारी, महासचिव चंद्रमोहन लखेड़ा, इंकलाबी मजदूर केन्द्र के दिनेश भट्ट, मजदूर सहयोग केन्द्र उत्तराखंड के अध्यक्ष मुकुल, क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन के शिव देव सिंह, भाकपा (माले) जिला सचिव ललित मटियाली,मासा के सुरेन्द्र सिंह, सीपीआई के राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, रानी मद्रास एंप्लाइज यूनियन से कमलेश कार्की, भगवती श्रमिक संगठन ठाकुर सिंह, इन्टरार्क मजदूर संगठन से दलदीत सिंह, रॉकेट रिद्धि सिद्धि कर्मकार यूनियन से धीरज जोशी, ऑटो लाइन इम्प्लाइज यूनियन से मदन सिंह, पी डी पी एल मजदूर यूनियन से प्रकाश चिलवाल, यजाकी वर्कर यूनियन से रविंदर सिंह, बजाज मोटर कर्मकार यूनियन से चंदन मेवाड़ी, मंत्री मेटलिक्स यूनियन से निरंजन लाल, राकेट इंडिया कर्मचारी संघ से अभिषेक त्यागी, करोलिया लाइटिंग इम्प्लाइज यूनियन से हरेन्द्र सिंह, समता सैनिक दल से गोपाल भारतीय, सीएनजी टेंपो यूनियन से सुब्रत विश्वास, थाई सीमित नील ऑटो यूनियन से संतोष कुमार, टाटा ऑटो कॉम यूनियन से गोकुल, नेस्ले कर्मचारी संगठन से महेन्द्र सिंह राणा, संसेरा कर्मचारी यूनियन से दीपक कांडपाल, बडवे मजदूर संगठन से साहब सिंह, वोल्टास इम्प्लाइज यूनियन से राजेन्द्र, भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी से जागीर सिंह, अधिवक्ता श्रीमती अमन दीप कौर तथा अन्य सकड़ों मजदूर उपाथित रहे।

ANANT GRAPHICS
We Deals In
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
More information call us
98377 77818
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# सीएम धामी ने पीएम मोदी को भेंट किया चारधाम का प्रसाद

## राज्य के विकास कार्यों के लिये विभिन्न विषयों पर की चर्चा

नई दिल्ली/देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट कर राज्य के विकास में उनके मार्गदर्शन और सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने राज्य के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर प्रधानमंत्री जी का मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री धामी ने प्रधानमंत्री को श्री केदारनाथ और श्री बद्रीनाथ धाम का प्रसाद, गंगा तुलसी, गंगोत्री-यमुनोत्री, अलकनंदा और मंदाकिनी के गंगाजल के साथ ही रुद्राक्ष की माला भी भेंट की। सीएम ने चारधाम यात्रा पर तीर्थयात्रियों के लिये राज्य सरकार सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने उन्हें अवगत कराया कि जोशीमठ में केंद्र सरकार के सहयोग से राहत कार्य किए जा रहे हैं और वहां स्थिति सामान्य है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जोशीमठ के संदर्भ में केंद्र सरकार से हर संभव सहयोग के प्रति मुख्यमंत्री धामी को आश्वस्त किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से अक्टूबर/नवम्बर, 2023 में राज्य में प्रस्तावित इन्वेस्टर समिट के उद्घाटन के लिए समय दिए जाने के अनुरोध के साथ ही मानसखण्ड के अन्तर्गत विभिन्न मंदिरों के दर्शन, मायावती आश्रम की यात्रा आदि





कार्यक्रमों के लिए आने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा विश्व प्रसिद्ध चारधाम की तर्ज पर मानसखण्ड मन्दिर माला परियोजना प्रारंभ की गयी है। इसके अन्तर्गत कुमाऊँ मण्डल के महत्वपूर्ण पौराणिक एवं ऐतिहासिक स्थलों को सर्किट से परस्पर जोड़कर लोकप्रियता प्रदान की जाएगी। पीएम से मुलाकत के पश्चात मीडिया से वार्ता के दौरान सीएम पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि उत्तराखंड में विकास परियोजनाओं को गति देने के लिये केंद्र सरकार हर संभव सहयोग कर रही है। अगले पांच वर्षों में राज्य सकल घरेलू उत्पाद को लगभग 5.5 लाख करोड़ करने और पांच से सात नए शहर विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। पहले चरण में ऊधमसिंहनगर के किच्छा में 2000 एकड़ के पराग फार्म में शहर विकसित करने का प्रस्ताव है। इसके लिए आवास और शहरी विकास के केंद्रीय मंत्रालय से 1000 करोड़ की धनराशि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। यह ग्रीन फील्ड सिटी रुद्रपुर से मात्र 15 किमी दूरी पर स्टेट हाईवे-47 पर होगा। इसमें 200 से 250 एकड़ का नालेज पार्क तैयार किया जाएगा। शहर बनने से लगभग 7000 करोड़ का निजी निवेश अपेक्षित है। 50 हजार व्यक्तियों को रोजगार व लगभग दो लाख व्यक्तियों की आवासीय व्यवस्था रहेगी। इस ग्रीन फील्ड सिटी को विकसित करने के लिए उन्होंने धन की मांग भी की। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय में राज्य से संबंधित मामलों के शीघ्र निस्तारण को संबंधित को निर्देश देने का अनुरोध किया। जौलीग्रांट एयरपोर्ट के विस्तारीकरण को 243 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण को फीजिबिलिटी सर्वेक्षण किया जा चुका है। उन्होंने इस जौलीग्रांट एयरपोर्ट के विस्तारीकरण को अनापत्ति प्रमाणपत्र, नैनी-सैनी एयरपोर्ट का महानिदेशक नागरिक उड्डयन से लाइसेंस नवीनीकरण दिलाने का अनुरोध भी किया। देहरादून-पिथौरागढ़-हिंडन वायु सेवा और देहरादून- हल्द्वानी- पिथौरागढ़-अल्मोड़ा हेलीकाप्टर सेवा के सुचारू संचालन में सहयोग मांगा। मुख्यमंत्री ने कुमाऊं में मानसखंड मंदिर माला परियोजना के अंतर्गत जागेश्वर धाम, कैलास, पार्वती सरोवर, ओम पर्वत के दर्शन, लोहाघाट में रामकृष्ण मठ के अद्वैत आश्रम की शाखा मायावती आश्रम की यात्रा के साथ ही पिथौरागढ़ में जनसभा व विकास योजनाओं के लोकार्पण का अनुरोध किया गया।

# अर्द्ध महाकुंभ की तैयारियां पूरी

## भद्रतुंगा में पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज करेंगे अर्द्ध महाकुंभ का उदघाट्न
## पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी सहित संत माहात्मा होंगे विशिष्ट अतिथि

कपकोट/बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिले के पवित्र सरयू नदी के मूल में स्थित भद्रतुंगा में तीन मई से पहली बार शुरु हो रहे कुर्माचल लघु अर्द्धकुम्भ की तैयारियां पूरी हो गई है, शुभारंभ पर गांव गांव से महिलाएं ढ़ोल नगाड़ों की थाप जयकारे के साथ भव्य







कलश यात्रा निकालेंगीस सरयू के निर्मल जल से वेदमन्त्रों के साथ देव मंदिरों, यज्ञ और कथा मंडपों का जलाभिषेक होगास संचालन समिति के अध्यक्ष और पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल ने प्रस्तावित सभी कार्यों की समीक्षा की। कहा कि अवशेष सभी कार्य एक दिन पहले ही पूरे कर लिए जाएंगे। अर्धकुंभ का उदघाटन मुख्य अतिथि पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज करेंगे,इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी विशिष्ट अतिथि ,जबकि विधायक सुरेश सिंह गढ़िया,एवं जनप्रतिनिधिगण मंचासीन रहेंगे,वही देश प्रदेश से आए सन्त महात्मा, जो अलग-अलग दिवसों में पधारेंगे,जिनमें छोटी छावनी अयोध्या से नृत्य गोपाल दास के शिष्य एवं उत्तराधिकारी, कमल नयन दास महाराज, राम कथा मण्डप अयोध्या से रामानन्द दास जी महाराज,दिगम्बर अखाड़ा अयोध्या से श्री महन्त सुरेश दास जी महाराज,पंच तेरह भाई त्यागी, खाकचौक अयोध्या से श्री महन्त बृज मोहन दास, पंच तेरह भाई त्यागी, खाकचौक अयोध्या के कोतवाल भानूदास जी, पंचमुखी दरबार भीलवाड़ा, राजस्थान से श्री महन्त लक्ष्मण दास जी,ओंकारेश्वर, मध्य प्रदेश से श्री श्याम सुन्दर दास जी,आदप्रमुख संत महात्मा महामंडलेश्वर अर्धमहाकुम्भ में पहुंचेंगे, मेलास्थल भद्रतुंगा में हवन यज्ञ के लिए विधि विधान से वेदी बनाने,विशाल कथा मंडप बनाने का काम हो गया है। अनुष्ठान स्थल तक सड़क बना दी गई है, पानी, भंडारे के लिए रसोई बनाने का काम अंतिम चरण में हैस वही पर्याप्त विद्युत व्यवस्था की जा चुकी है,स्नान घाट की सफाई कर दी गई है। जिला पंचायत और ब्लॉक के जरिए श्रद्धांलुओं की सुविधा के लिए हाइटेक शौचालयों की व्यवस्था की जा चुकी है, अतिथि अभ्यागतों को आमंत्रण देने का काम तेजी से चल रहा है। संचालन समिति के अध्यक्ष भौर्याल ने बैठक में सभी कार्यो की विस्तार से समीक्षा की, बताया भंडारे की पूरी ब्यवस्था सरयू घाटी की ग्राम पंचायतें बारी बारी से संभालेंगेस सभी कार्य शुभारम्भ से एक दिन पहले ही पूरे कर लिए जाएंगे। इधर श्री स्वामी संत रामानंद आश्रम में महामंडलेश्वर अभिराम दास ने भद्रतुंगा को पवित्र तीर्थस्थल बताया और कहा कि यहाँ आयोजित इस पहले और बड़े अनुष्ठान में सभी को बढ़ चढ़कर शामिल होकर पुण्य कमाना चाहिए। आश्रम में दूर दूर से संत महात्माओं के आने का सिलसिला जारी है। आश्रम के श्री महंत देवानंद दास ने कहा कि आश्रम को रंग रोगन करके चमकाया जा रहा है। बैठक में मौसम के हर रोज खराब होने पर गहरी चिंता जताई गईस क्षेत्र के सभी देवी देवताओं समेत इंद्रदेव से अनुष्ठान के दौरान मौसम अनुकूल रखने की प्रार्थना की गई। वहां पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विक्रम शाही, पूर्व प्रमुख मनोहर राम, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख हरीश शाही, ग्राम प्रधान जगत सिंह टाकुली, नरेंद्र सिंह, तारा सिंह, पूर्व प्रधान यशपाल सिंह, हीरा सिंह, बीडीसी सदस्य चरण सिंह समेत भगवत सिंह आदि थे।

# पीएम की मन की बात बन चुकी है देश की आवाज: रेखा आर्या

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या सोमेश्वर विधानसभा के मजखाली मंडल स्थित गढस्यारी बूथ पहुंची जहां उन्होंने देश के प्रधान सेवक नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100 वें संस्करण को कार्यकर्ताओं के साथ सुना। उन्होंने कहा हमने सुनी जिसमें स्वामी विवेकानंद से लेकर वीर सावरकर के त्याग और बलिदान की प्रेरक कहानियां, वैश्विक नेताओं से लेकर सुदूर हमारी सीमाओं की रक्षा में तैनात वीर सैनिकों तक से वार्तालाप, स्कूल के बच्चों से लेकर अन्तरिक्ष वैज्ञानिको के मन को छूने वाली



कि प्रधानमंत्री की मन की बात देश की आवाज बन चुकी है। 9 साल पहले 3 अक्टूबर 2014 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विजयादशमी से शुरू किया गया, मन की बात का यह ऐतिहासिक सफर अपने 100वें पड़ाव पर पहुंचा है, यह शतक सबूत है नरेंद्र मोदी और देश की जनता के बीच मजबूत जुड़ाव और लगाव का। कहा कि देश के प्रधानसेवक नरेंद्र मोदी के मन की बात वह नवाचार है जो मोदी से पहले विश्व में किसी और ने नही किया था। प्रधानमंत्री की अपने देशवासियों से अपने मन की बात, पिछले 99 एपिसोड में बात सहित कई अन्य हैं। इस दौरान मंत्री रेखा आर्या ने कार्यकर्ताओं व जनता के साथ बैठक कीजिसमे उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से जनता को अवगत कराया।उन्होंने कहा कि आज केंद्र व राज्य की सरकार मिलकर राज्य हित में कई अहम कदम व योजनाएं चला रही है ,जिनका लाभ आम व्यक्ति को प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष भूपाल सिंह परिहार,पूर्व मंडल अध्यक्ष बिशन सिंह कनवाल सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवंस्थानीय जनता उपस्थित रही।

# भूडागौरी में सरकारी स्कूल की बिल्डिंग का उद्घाटन

## स्कूल में मिट्टी भरान और टाइल्स लगाने की घोषणा

किच्छा (उद संवाददाता)।किच्छा से सटे खुरपिया देवरिया भूड़ा गौरी में राजकीय प्राथमिक विद्यालय के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ के प्रतिनिधि गौरव बेहड़ और उप शिक्षा अधिकारी गुंजन अमरोही ने फीता काटकर किया किच्छा के खुरपिया स्थित भुडा गौरी मे शिक्षा विभाग द्वारा 18 लाख की लागत से बने नव निर्मित 3 कक्षा कक्षों का उद्घाटन किया गया जिसमें टाइल्स लगाकर इन भवनों को बनाया गया इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय परिवार द्वारा मुख्य अतिथियों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें छोटे छोटे स्कूली बच्चों द्वारा स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया गया इस दौरान विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ ने कहा कि शिक्षा विभाग में बहुत ही



सुंदर क्लासरूम बनाकर स्कूली बच्चों को समर्पित किए हैं जो वाकई में काबिले तारीफ है उन्होंने वहां की जनता से अपने बच्चों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में स्कूल भेजने की अपील की और कहा कि सरकारी स्कूलों की हालत लगातार सुधर रही है विधायक तिलकराज लगातार बेहड शिक्षा के क्षेत्र में तमाम स्कूलों के सौंदर्यीकरण को लेकर पहल कर रहे हैं किच्छा विधानसभा क्षेत्र में तमाम सरकारी स्कूलों का जल्द ही कायाकल्प किया जाएगा स्कूल प्रबंधन द्वारा विद्यालय परिसर में



टाइल्स व मिट्टी भराव की घोषणा विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ द्वारा की गई। वही उप शिक्षा अधिकारी ने भी किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ का आभार जताया। इस मौके पर गुड्डू तिवारी प्रधानाध्यापक रविंदर गंगवार, शिक्षक कैलाश वर्मा, जीवन सिंह नेगी मनोज तिवारी, एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती ममता, ग्रामवासी विजय थापा देवीदीन, ममता थापा पुष्पा मोजूद थे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# मौसम में बदलाव

पिछले कुछ समय से बार-बार पश्चिमी विक्षोभ उत्पन्न होने से सामान्य से ज्यादा बरसात हुई और मौसम विभाग के मुताबिक दिल्ली का औसत अधिकतम तापमान 35.32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।मौसम की अपनी गति होती है। हमारे देश में ऋतु चक्र के मुताबिक जिन महीनों को गर्मी, जाड़ा या बरसात का माना जाता रहा है, वह कमोबेश उसी तरह चलता रहता है। लेकिन इसमें पर्यावरण संबंधी कुछ उथल-पुथल की वजह से किसी मौसम की अवधि में थोड़ा बदलाव या आगे-पीछे हो सकता है। फिलहाल अप्रैल के आखिर और मई की शुरुआत में मौसम ने जो रंग बदला है, वह अपेक्षा से थोड़ा अलग है, क्योंकि इन दिनों आमतौर पर गर्मी ज्यादा पड़ रही होती है।लेकिन बीते दो दिनों में हुई बारिश ने तापमान में काफी कमी कर दी है और लोगों को गर्मी की मार से राहत मिली है। यों इस साल पूरा अप्रैल का महीना खुशनुमा ही बीता और अधिकतम तापमान भी सामान्य से काफी कम रहा। जबकि पिछले साल इसी दौरान यानी अप्रैल-मई में खासतौर पर दिल्ली के लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा था। काफी लोग लू और गर्म हवा के थपेड़ों की चपेट में आकर बीमार भी हुए।पिछले कुछ समय से बार-बार पश्चिमी विक्षोभ उत्पन्न होने से सामान्य से ज्यादा बरसात हुई और मौसम विभाग के मुताबिक दिल्ली का औसत अधिकतम तापमान 35.32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि अप्रैल की शुरुआत में विभाग की ओर से ही उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों को छोड़ कर देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक तापमान रहने का अनुमान जताया गया था। लेकिन न केवल अप्रैल में मौसम के लिहाज से स्थिति अच्छी और सहज रही, बल्कि इस बार अप्रैल के आखिर में तापमान 28.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दरअसल, इस दौरान कम से कम पांच बार पश्चिमी विक्षोभ पैदा होने से दिल्ली में अप्रैल में अच्छी-खासी बारिश हो गई, जिसकी तुलना पांच साल पहले की स्थिति से की जा रही है।जाहिर है, इस बार तापमान में जो उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है, उतने में गर्मी अपने नियंत्रित स्वरूप में होती है और लोगों को सेहत या कामकाज या अपनी अन्य गतिविधियों के लिए परेशान नहीं होना पड़ता है। यही वजह है कि इस बार भीषण गर्मी की मार ज्यादा चिंता नहीं पैदा कर रही है। लेकिन इतनी बरसात में ही दिल्ली में सड़कों पर जलभराव और जाम के जो हालात बने, वह व्यवस्थागत कमियों का ही उदाहरण है।एक अन्य पहलू यह है कि तापमान में संतुलन के साथ-साथ प्रदूषण के मोर्चे पर भी काफी राहत की तस्वीर बनी है। केंद्रीय वायु गुणवत्ता आयोग की ओर से दिल्ली की हवा का जो आकलन किया गया, उसके मुताबिक सात साल में पहली बार दिल्ली में जनवरी से अप्रैल के दौरान स्वच्छ हवा वाले दिनों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। 2016 में इस दौरान खराब से गंभीर श्रेणी में एक सौ तीन दिन दर्ज किए गए थे, जबकि इस साल यह अब तक घट कर केवल अड़सठ दिन रह गए हैं। वातावरण में प्रदूषक तत्त्वों या सूक्ष्म कणों का स्तर भी न्यूनतम रहा। हालांकि कोरोना महामारी के दौरान पूर्णबंदी की वजह से जब सारी गतिविधियां रुक गई थीं, तब स्थिति में ऐसा सुधार देखा गया था। कहा जा सकता है कि अन्य सालों की अपेक्षा इन महीनों में गर्मी की मार के साथ-साथ प्रदूषण की वजह से खड़ी होने वाली परेशानी में कमी मौसम के सकारात्मक रुख को दर्शाती है। जरूरत इस बात की है कि लोग पर्यावरण को स्वच्छ रखने में अपना भी योगदान दें।

# उत्तराखंड में तीसरे दिन भी बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट केदारनाथ धाम के पंजीकरण पर 6 मई तक लगी रोक

## खराब मौसम से चारधाम यात्रा पर आए श्रद्धालुओं की दुश्वारियां बढ़ी

देहरादून। उत्तराखंड में बीते तीन दिनों से पहाड़ से लेकर मैदान तक वर्षा-बर्फबारी का क्रम बना हुआ है। चोटियों पर हिमपात और निचले इलाकों में मूसलाधार वर्षा आफत बन गई है। आज तीसरे दिन मंगलवार को भी केदारनाथ में बर्फबारी जारी है और अधिकतर इलाकों में बादल छाए हुए हैं। बदरीनाथ, केदारनाथ और हेमकुंड साहिब में बर्फबारी के चलते दुश्वारियां बढ़ गई हैं। कई स्थानों पर चारधाम यात्रा भी प्रभावित हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार प्रदेश में फिलहाल मौसम का मिजाज बदला रहने का अनुमान है। रुद्रप्रयाग, चमोली, उत्तरकाशी, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में चोटियों पर हिमपात और निचले इलाकों में ओलावृष्टि व गरज के साथ बौछारें पड़ने को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मैदानी क्षेत्रों में 40 से 70 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से अंधड़ चलने को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेशभर में मौसम के बदले मिजाज से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। ज्यादातर शहरों में अधिकतम पारा सामान्य से 15 डिग्री सेल्सियस तक नीचे पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन प्रदेश में मौसम का मिजाज इसी प्रकार का बने रहने का अनुमान है। पहाड़ों में भारी बर्फबारी और निचले इलाकों में भारी वर्षा व ओलावृष्टि को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते बादलों का डेरा है। बीते एक सप्ताह से पहाड़ से लेकर मैदान तक रुक-रुककर वर्षा-बर्फबारी हो रही है। मौसम के तल्ख तेवर चारधाम यात्रा पर आए श्रद्धालुओं की दुश्वारियां बढ़ा रहे हैं। हेमकुंड साहिब में यात्रा की तैयारियां प्रभावित हैं। सोमवार को बदरीनाथ, केदारनाथ और हेमकुंड साहिब में जोरदार हिमपात हुआ। गंगोत्री-यमुनोत्री में झमाझम वर्षा हुई। इसके अलावा मैदानी क्षेत्रों में करीब छह घंटे मूसलाधार वर्षा रिकार्ड की गई। जिससे तापमान में भारी गिरावट आई। मई में 14 साल बाद देहरादून समेत कई मैदानी शहरों में अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया। चार धामों पर हो रही बर्फबारी और मौसम अलर्ट को देखते हुए उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद की ओर से केदारनाथ धाम के लिए आनलाइन और भौतिक पंजीकरण पर रोक की अवधि छह मई तक बढ़ा दी गई है। ऋषिकेश स्थित यात्री पंजीकरण केंद्र में बदरीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम की के ही पंजीकरण किए जा रहे हैं। उच्च हिमालय क्षेत्र सहित चार धाम में पिछले कुछ दिनों से बर्फबारी हो रही है। चार धाम यात्रा प्रशासन संगठन की ओर से पहले 30 मई तक केदारनाथ धाम के पंजीकरण पर रोक लगाई गई थी। मौसम विभाग के अलर्ट को देखते हुए यह रोक तीन मई तक बढ़ा दी गई थी। पर्वतीय क्षेत्र में मौसम अभी अनुकूल नहीं है। जिसको देखते हुए केदारनाथ धाम के पंजीकरण पर रोको को आगे बढ़ा दिया गया है। पर्यटन विकास परिषद के संयुक्त निदेशक वाईके गंगवार ने बताया कि केदारनाथ धाम के आनलाइन और भौतिक पंजीकरण पर छह मई तक रोक लगाई गई है। पर्यटन विभाग की वेबसाइट टूरिस्ट केयर पर भी इस बात का अपडेट उपलब्ध करा दिया गया है। अन्य धामों के लिए पंजीकरण जारी है।

# गौरीकुंड से केदारनाथ तक पैदल चलकर किया निरीक्षण

देहरादून (उद संवाददाता)। सचिव, ग्राम्य विकास, सहकारिता, पशुपालन/नोडल अधिकारी केदारनाथ यात्रा व्यवस्था डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने आज गौरीकुंड से केदारनाथ तक पैदल चलकर यात्रा मार्ग में विभिन्न विभागों द्वारा केदारनाथ में दर्शन करने आ रहे तीर्थ यात्रियों हेतु की गई व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होने सोनप्रयाग में यात्रियों के किए जा रहे पंजीकरण का भी जायजा लिया व यात्रा मार्ग में संचालित हो रहे घोड़े-खच्चरों के संबंध में भी जानकारी लेते हुए पशुपालन विभाग को निर्देश आवश्यक दिए। सचिव डॉ. पुरुषोत्तम ने यात्रा मार्गों में तैनात किए गए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ, एनडीआरएफ व वाईएमएफ के जवानों से वार्ता कर यात्रा व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि सभी विषम कठिन परिस्थितियों में अपने दायित्वों का निर्वहन सेवाभाव से करें। उन्होंने कहा कि दर्शन करने आ रहे यात्रियों के साथ मधुर एवं सौम्य व्यवहार रखें तथा सभी अधिकारी एवं कर्मचारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। इस दौरान उप जिलाधिकारी ऊखीमठ जितेंद्र वर्मा, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. रवि कुमार, जीमैक्स इंचार्ज खुशाल सिंह, जल संस्थान, स्वास्थ्य, विद्युत, सुलभ आदि विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



# शिक्षक अभिभावक संघ की बैठक आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो.कमल किशोर पांडेय की अध्यक्षता में शिक्षक अभिभावक संघ की एक बैठक आयोजित की गई।शिक्षक अभिभावक समिति के संयोजक प्रोफेसर रवीन्द्र कुमार सैनी ने उपस्थित शिक्षकों और अभिभावकों से शिक्षक अभिभावक संघ के कार्यकारिणी के पदाधिकारियों और सदस्यों का औपचारिक परिचय कराया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों और अभिभावकों के बीच दो तरफा सम्वाद के लिए इस तरह के संगठनों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने संघ के गठन के महत्व और उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर कमल किशोर पाण्डेय ने कहा कि महीने में कम से कम एक बार आवश्यक रूप से शिक्षक अभिभावक संघ की मीटिंग होनी चाहिए । उन्होंने कहा कि महाविद्यालय की गतिविधियों में अभिभावकों की भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। महाविद्यालय में विकास की बहुत संभावनाएँ हैं। अभिभावकों के सहयोग से इसे नए आयाम प्रदान किए जा सकते हैं।शिक्षक अभिभावक संघ के अध्यक्ष अवधेश यादव ने विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के बहुमुखी विकास के लिए शिक्षकों और अभिभावकों के साथ मिलकर कार्य करने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों और अभिभावकों नियमित तौर पर एक दूसरे के सम्पर्क में रहकर महाविद्यालय और विद्यार्थियों के विकास के मार्ग में आने वाली बाधाओं की पहचान कर उनका निराकरण करने का प्रयत्न करना चाहिए। शिक्षक अभिभावक संघ के सचिव मोहम्मद असगर ने कहा कि शिक्षक अभिभावक संघ से ज्यादा से ज्यादा अभिभावकों को जोड़े जाने की जरूरत है। अभिभावकों को प्राचार्य , शिक्षक अभिभावक संघ के संयोजक और उनके पाल्यों के विषय से जुड़े शिक्षकों के फोन नम्बर प्रदान किए जाने चाहिए। इसके माध्यम से वे निरन्तर महाविद्यालय के सम्पर्क में रहते हुए विद्यार्थियों की प्रगति से परिचित होते रहेंगे। बैठक का संचालन करते समाजशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. राजेश कुमार सिंह ने कहा कि अभिभावक की भागीदारी और विद्यार्थी की सफलता के बीच सकारात्मक सम्बन्ध है।अभिभावक, शिक्षक और विद्यार्थी की त्रयी में तीनों ही बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। अतः इन तीनों को एक साथ जोड़कर विद्यार्थी के व्यक्तित्व के समग्र विकास की कार्ययोजना पर काम करना चाहिए। इस दौरान समाजशास्त्र विभाग की प्रभारी प्रोफेसर हेमलता सैनी, डॉ. अंचलेश कुमार , डॉ. पीसी सुयाल , डॉ. इन्दु शेखर ममगाई , डॉ. पीपी त्रिपाठी तथा डॉ. सुनील कुमार मौर्य ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर अभिभावकों में आकाश यादव , संजीव विश्वास , केशव नाथ खेड़ा , शंकर बाला , वेद प्रकाश सैनी , श्रीमती समरेज, शुश्री कलावती देवी , श्रीमती काकुली आदि मौजूद रहे ।




# डिप्लोमा फार्मेसिस्टों का कार्य बहिष्कार जारी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन उत्तराखण्ड के प्रान्तीय नेतृत्व के आह्वान पर अपनी मांगों को लेकर राजकीय चिकित्सालयों व दवा भंडार कार्यालय में कार्यरत सभी फार्मेसिस्टो ने आज दूसरे दिन भी प्रातः आठ बजे से दस बजे तक दो घंटे का कार्य बहिष्कार किया। इस दौरान आंदोलित फार्मेसिस्टों ने अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी भी की। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बीएन बेलवाल ने बताया कि जब तक संगठन की न्यायोचित मांगों का समाधान नहीं किया जाता आन्दोलन जारी रहेगा। उन्होंने बताया आगामी 6 मई तक पूरे प्रदेश के फार्मेसिस्ट प्रातः 8 बजे से 2 घण्टे का 10 बजे तक कार्य बहिष्कार करेंगे। जिसके पश्चात 8 मई से महानिदेशालय पर प्रत्येक जनपद के 5-5 सदस्य क्रमिक अनशन करेंगे। नौ मई को जनपद उधमसिंह नगर के फार्मेसिस्ट महानिदेशालय पर धरने व क्रमिक अनशन पर बैठेंगे। उन्होंने बताया इसके उपरान्त भी मांगों का समाधान न हुआ तो स्वास्थ्य मशविदेशालय पर 15 मई को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इस दौरान कार्य बहिष्कार करने वालों में आरएस रौतेला, पीएस राणा, अनूप रावत, एससी सती, जीपी मिश्रा, एम एन गोस्वामी, सुरेश वर्मा, किशोर विश्वकर्मा, मंडलीय सचिव डीके जोशी, आरएस अधिकारी, जेएल शाह, एचसी पोखरिया, जेपी आर्य, प्रेम शंकर सिंह, एमएन गोस्वामी, मनोहर गंगवार, केसी नैनवाल, आर सी पाल, कुसुमलता, दलजीत सिंह, विकास बवाड़ी, आर एस चौहान आदि शामिल थे।



# ट्रक चालक के खिलाफ रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस काशीपुर मार्ग पर कार को टक्कर मार कर क्षतिग्रस्त कर देने वाले ट्रक चालक के खिलाफ रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में नियति पवार पत्नी अनुराग नेगी निवासी बंजारावाला देहरादून हाल निवासी गुलमोहर पार्क रूद्रपुर ने कहा है कि एक मई की सुबह10 बजे वह अपनी कार संख्या यूके 07 बीपी 6282 से अपने आफिस काशीपुर रोड ग्राम खानपुर की तरफ जा रही थी। तभी काशीपुर फ्लाई ओवर के पास ट्रक संख्या यूके 04 सीए 0807 के चालक ने लापरवाही से उसकी कार में साईट से जोरदार टक्कर मार दी । जिससे कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। नियति का आरोप है कि उक्त ट्रक ड्राईवर नशे में धुत था। सूचना देने पर मौके पर पहुंची पुलिस ट्रक डाईवर व ट्रक को रूद्रपुर कोतवाली लेकर गई। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# स्मैक व चरस के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी ( उद संवाददाता)। चौकी आम्रपाली थाना मुखानी पुलिस टीम द्वारा 5.2 ग्राम अवैध स्मैक व 22.03 ग्राम अवैध चरस के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। जानकारी के अनुसार मुखानी थानाध्यक्ष रमेश चन्द्र बोरा के नेतृत्व में थाना स्तर पर गठित एएनटीएफ की पुलिस टीम द्वारा कमलुआ गांजा में ईट सप्लायर के समीप संदिग्ध रूप से घूम रहे एक व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता प्रमोद सागर पुत्र पूरन चन्द्र सागर निवासी नाथू पुर पाडली लामाचौड़ मुखानी बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से कुल 5.2 ग्राम स्मैक व 22.03 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने प्रमोद को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।पुलिस टीम में उनि अनिल कुमार चौकी प्रभारी आम्रपाली व कानि. बृजेश कुमार शामिल थे।

# नगर निगम में नहीं बन रहे जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर निगम में पिछले कई दिनों से लोगों के जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बन पाने से उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता राजीव जौहरी ने बताया कि नगर निगम में काफी समय से स्वास्थ्य अधिकारी का पद रिक्त होने के कारण जरूरतमंद लोगों के जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं। वर्तमान में विद्यालयों में बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र मांगे जा रहे हैं। वहीं कई लोगों ने दिवंगत परिजनों के मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए फार्म नगर निगम में जमा कराये हुए हैं। लेकिन उन्हें प्रमाण पत्र नहीं मिल रहे। राजीव ने बताया कि पेंशन फार्म भरने के लिए भी लोगों को परेशानियां हो रही हैं। लेकिन जिलाधिकारी द्वारा अभी तक नगर निगम में स्वास्थ्य अधिकारी की नियुक्ति नहीं की गई है। वहीं सीएमओ ने भी जन्म मृत्यु रजिस्ट्रार नामित नहीं किया है।

# 6919.49 लाख की जिला योजना का अनुमोदन

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिला योजना समिति की बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की गई बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 6919.49 लाख की जिला योजना को अनुमोदित किया गया। बैठक में जिला योजना समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने विभागों को आवंटित धनराशि पर सहमति जताई। इस वित्तीय वर्ष में 1331 लाख रुपए लोक निर्माण विभाग, जल संस्थान के लिए 1300 लाख, माध्यमिक शिक्षा 548 लाख, युवा कल्याण विभाग के लिए 450 लाख रुपए, पर्यटन विभाग के लिए 382 लाख रुपए, चिकित्सा एवं स्वास्थ 350 लाख, पेयजल निगम 400 लाख, सहित अन्य विभागों के लिए धनराशि अनुमोदित की गई है। इस बार जिला योजना में पिछली वर्ष 2022-23 (5485 लाख रुपए) की जिला योजना के सापेक्ष लगभग 26 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। जिस पर जनप्रतिनिधियों ने हर्ष व्यक्त किया साथ ही जनपद की जनसांख्यिकी एवं भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार जिला योजना का बजट बढ़ाने की बात कही गई। बैठक की शुरुआत जिलाधिकारी वंदना द्वारा बैठक में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष उमा बिष्ट को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करने से हुई। इसके पश्चात मुख्य विकास अधिकारी अंशुल सिंह ने जिला योजना वर्ष 2023-24 की विभागवार आवंटित की गई धनराशि का प्रस्तुतिकरण किया। साथ ही उन्होंने जिला योजना से संबंधित विविध प्रावधानों पर प्रकाश डाला। बैठक में वर्चुअली जुड़े जनपद प्रभारी मंत्री धनसिंह रावत ने सभी विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि जितने भी प्रस्ताव विभागों को प्राप्त हुए हैं, उन पर जिला प्लान शामिल किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें एवं जिला योजना की धनराशि को जनपद के विकास के लिए ही खर्च किया जाए। इस दौरान बैठक में उपस्थित सभी विधायकों एवं सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों की विभिन्न समस्याओं को सदन में रखा तथा उस पर त्वरित कार्यवाही की मांग की। इस दौरान विधायकों एवं अन्य सदस्यों ने जनपद की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु अपने अपने विचार रखे। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्षा उमा बिष्ट ने सभी विभागों को आपसी समन्वय तथा जनप्रतिनिधियों से तालमेल रखकर कार्यों को करने के निर्देश दिए। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने अपने क्षेत्र की समस्या भी सदन में रखी। जिसके निराकरण के लिए विभागीय अधिकारियों को जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्लान में विभागों को धनराशि आवंटित किए जाने हेतु जिला प्लान समिति की मंजूरी हेतु इस बैठक का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के द्वारा दिए गए सभी प्रस्तावों को इस जिला योजना में शामिल करने का प्रयास किया गया है। बैठक में विधायक अल्मोड़ा मनोज तिवारी द्वाराहाट मदन सिंह बिष्ट, रानीखेत प्रमोद नैनवाल, वर्चुअली जुड़े विधायक सल्ट महेश जीना, जागेश्वर मोहन सिंह मेहरा, अध्यक्ष नगरपालिका परिषद अल्मोड़ा प्रकाश चंद्र जोशी, सभी जिला पंचायत सदस्य, ब्लॉक प्रमुख, समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# ग्राहक पंचायत की बैठक में दी कई जानकारियां

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की बैठक सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज आदर्श कॉलोनी में आयोजित हुई। जिसमें क्षेत्रीय संगठन मंत्री लाखन सिंह ने बताया कि संगठन अखिल भारतीय स्तर पर कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय साधारण सभा रतलाम मध्य प्रदेश में हुई थी जिसमे कई प्रस्ताव पारित हुए। उनमें खाद्य तेल में मिश्रण की छूट पर शासकीय नीति निर्धारित हो, एमआरपी नीति सभी उत्पादों पर उनके लागत मूल्यानुसार बने, तथा ब्रांडेड बनाम लोकल ग्राहक की भूमिका सजग ग्राहक- सजग खरीद के बारे में बताया। प्रांत



पर्यावरण प्रमुख डॉ दिनेश ने बताया कि पर्यावरण सुधार हेतु जल संचय, जैविक खेती, और प्लास्टिक इस्तेमाल ना करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया। प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉक्टर भूपेंद्र गंगवार ने बताया कि संगठन के 50 वर्ष पूर्ण होने पर संगठन स्वर्ण जयंती वर्ष मना रहा है। जिसके अंतर्गत पूरे वर्ष भर कार्यक्रम चलते रहेंगे। बैठक में उपस्थित सभी से समाज में हो रही ऑनलाइन ठगी के बारे में बताया । बैठक का संचालन जिला संगठन मंत्री डॉ हेमंत सिंह चौहान ने किया। बैठक में नगर अध्यक्ष सुभाषिनी द्विवेदी, हेमलता कटारिया, आशा मुंजाल, क्षत्रेश वर्मा, बर्मा, शिखा त्रिपाठी, अंजू, दिनेश गंगवार, अभिषेक शुक्ला, कल्पना, सक्सेना, इंदल सिंह, राघव, मोहन, रूबी, शालिनी गुप्ता हेमलता, लविश, नेहा, सुमन, धीरज सिंह, योगेंद्र पाल, महेंद्र सिंह, जयवर्धन सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# टेम्पो को टक्कर मारे वाले ट्रक चालक के खिलाफ रपट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत दिवस किच्छा मार्ग पर सवारियां लेकर रूद्रपुर की ओर आ रहे टेम्पो को पीछे से टक्कर मारने वाले ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। दर्ज रपट में धन सिहं फर्तयाल पुत्र गंगा सिंहं निवासी वार्ड 1 नालन्दा स्कूल रोड़ मल्ली देवरिया, किच्छा ने कहा है कि 29 अप्रैल की सायं उसका पुत्र धीरेन्द्र सिहं अपने टैम्पों संख्या यूके 06 टीए 5452 में सवारी बैठाकर किच्छा से रूद्रपुर की ओर आ रहा था। मार्ग में रामनगर में शिव मन्दिर के पास पीछे से आ रहे ट्रक संख्या एच आर 66 सी 9105 के अज्ञात चालक ने टैम्पो को पीछे से जोर से टक्कर मार दी। जिससे पुत्र का टैम्पो पलट गया और ट्रक का चालक तुरन्त भाग गया। आस पास कुछ व्यक्तियों द्वारा उक्त ट्रक को रोका गया था। इस घटना में पुत्र व कुछ सवारियों को काफी गम्भीर चोटें आई है। पुत्र की हालत अत्यन्त गम्भीर है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मलिन बस्ती की नजूल भूमि पर बसे लोगों का मिले मालिकाना हक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सामाजिक कार्यकर्ता राजीव ने शासन प्रशासन से मलिन बस्ती की नजूल भूमि पर बसे लोगों को मालिकाना हक देने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस एवं भाजपा के शासनकाल में कई बार मलिन बस्ती को फ्री होल्ड करके मालिकाना हक दिये जाने की बात कही गई। जो वर्तमान में मलिन बस्तियों में रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा हाऊस टैक्स व नामांतरण प्रक्रिया पर शासन के निर्देश के अनुपालन में रोक लगा दी है। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राजीव ने जनहित में मलिन बस्तियों में नजूल भूमि पर रह रहे लोगों नया हाऊस टैक्स लगाने तथा नामांतरण प्रक्रिया शुरू कराने की मांग की है। ताकि जनता की समस्याओं का समाधान हो सके। उन्होंने बताया कि यह मुद्दा पूर्व में विधानसभा में भी उठाया जा चुका है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। फ्री होल्ड पुराने सर्किल रेट के आधार पर किया जाये ताकि गरीब लोगों को इसका लाभ मिल सके।

# हजारों की नगदी सहित दो जुआरी गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस कर्मियों में गश्त के दौरान सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते दो जुआरियों को हजारों की नगदी व ताश पत्ते सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में कांस्टेबल मुन्ना सिंह तथा दिलशाद अहमद गत रात्रि गश्त कर रहे थे। इसी



दौरान गौला पार्किंग के पास दो व्यक्ति जुआ खेलते दिखाई दिए। पुलिस कर्मियों ने घेराबंदी कर दोनों को मौके पर पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता वसीम मलिक पुत्र हनीफ मलिक निवासी नई बस्ती गोपाल मंदिर के पास वार्ड 26 बनभूलपुरा तथा रईस सिद्दीकी पुत्र अनीस अहमद निवासी बड़ी मस्जिद के पास इंद्रा नगर वार्ड 31बनभूलपुरा बताया। पुलिस ने मौके से 2110 रुपए नगद तथा ताश पत्ते बरामद किए। पुलिस ने नकदी व पत्ते कब्जे में लेकर वसीम तथा रईस को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज 6 मई को अल्मोड़ा में

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। प्रभारी अधिकारी विशिष्ट अभ्यागत ने बताया कि मंत्री लोक निर्माण, पर्यटन, सिंचाई, लघुसिंचाई, पंचायती राज, ग्रामीण निर्माण, संस्कृति, जलागम प्रबन्धन एवं भारत-नेपाल उत्तराखण्ड नदी परियोजनायें सतपाल महाराज इस जनपद के भ्रमण पर आ रहे है। उन्होंने बताया कि मंत्री 6 मई को 02:30 बजे बागेश्वर से प्रस्थान कर 05:00 बजे अल्मोड़ा पहुँचकर रात्रि विश्राम सर्किट हाउस अल्मोड़ा में करेंगे। 07 मई को प्रात: 10:30 बजे भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। 11 बजे विकास भवन में विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास/लोकार्पण करेंगे तथा 11:30 बजे जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। 2:30 बजे अल्मोड़ा से नैनीताल के लिए प्रस्थान करेंगे।

# भूपेन्द्र आर्य बने जिला मंत्री



गूलरभोज(उद संवाददाता)। भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष हुकुम सिंह ने भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा की सहमति पर भूपेंद्र आर्य को अनुसूचित मोर्चा का जिला मंत्री का दायित्व मिला है। भूपेंद्र आर्य ने जमीन से जुड़े होने के कारण जनता में भी अच्छी पकड़ बनाई है। उनके जिला मंत्री बनने पर कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडे, अतुल पांडे, भाजपा अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष हुकुम सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, चेयर पर्सन अनीता दुबे, भाजपा नगर अध्यक्ष तरुण दुबे, रमेश सागर, गोविंद राजभर, संजीव भटेजा, पूनम आर्य, नरेश कुमार, रमेश खोलिया, संजीव गुप्ता आदि लोगों ने बधाई दी है।

# सोशल मीडिया में फैलाई जा रही भ्रामकता को बताया निराधार

बागेश्वर। दिवंगत कैबिनेट मंत्रीचंदन राम दास की आकस्मिक मौत के बाद सोशल मीडिया पर जिला प्रशासन द्वारा इलाज के लिए भरपूर सहयोग नही देने लापरवाही बरतने,एवं जिलाधिकारी द्वारा मामले में सूचना देने पर फोन नही उठाए जाने के आरोप लगाए गए थे, वही दिवंगत मंत्री स्व.दास के इलाज में कोताही बरतने जैसे आरोप लगाए गए थे। वही समय से समुचित व्यवस्थाओं के बीच समय से इलाज मिलने से उनकी जान बचाए जाने की संभावना जताई गई थी। दिवंगत मंत्री के पुत्र गौरव दास ने सूचनाओं का खंडन करते हुए जिलाधिकारी पर लगाए गए आरोपों को निराधार बताया। वही कैबिनेट मंत्री के पुत्र गौरव दास ने जिलाधिकारी पर लगाए गए आरोपों को निराधार बताया वही मामले में दिवंगत पिता के इलाज के लिए जिला प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास किए जाने की बात कही वही सोशल मीडिया में दिए गए बयान को अनर्गल बताते हुए डीएम पर फोन नहीं उठाने और लापरवाही बरतने के आरोपों को गलत बताया मामले में दिवंगत कैबिनेट मंत्री के पुत्र गौरव दास ने सोशल मीडिया पर अनावश्यक बाते नहीं फैलाने अपील की है। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने बताया कि कैबिनेट मंत्री दास की तबीयत बिगड़ते समय जिला योजना की बैठक चल रही थी सूचना मिलते हीजिला योजना की बैठक स्थगित कर समूचा जिला प्रशासन उनके इलाज के तत्पर हो गया था,जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी उन्होंने सोशल मीडिया में किसी भी प्रकार की भ्रामकता नहीं फैलाने की अपील की ।

## पेज एक का शेष...

**कार खाई में गिरने...**पर उन्हेंहायर सेंटर हल्द्वानी रेफर किया गया है। मुक्तेश्वर थानाध्यक्ष महेश जोशी ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नैनीताल भेजा गया है।

**बेकरी में आग से ...** था कि 500 मीटर की दूरी पर होने के बावजूद आग की सूचना के करीब आधा घंटे देरी से दमकल मौके पर पहुंची। सीएफओ राजीव खाती ने बताया कि रात 10 बजकर 52 मिनट पर आग की सूचना मिली। तुरंत दमकल को मौके के लिए रवाना कर दिया था। आग का कारण शॉर्ट सर्किट सामने आ रहा है। जांच की जा रही है। आग से हुए नुकसान का भी आकलन किया जा रहा है।

**रोके गये यात्रियों को...**कारोबार पर नकेल कसने के निर्देश दिए। उन्होंने यात्रा मार्ग से लगे थाना, चौकी के प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में नियमित चेकिंग करने को कहा। पुलिस महानिदेशक ने गौरीकुंड में यात्रियों से बातचीत करते हुए व्यवस्थाओं का फीडबैक भी लिया। उन्होंने पुलिस बल को बाबा केदार के दर्शनों के लिए आने वाले श्रद्धालुओं से सौम्य व्यवहार करने के निर्देश भी दिए।

**नौकरी दिलाने के नाम..**पोषण हेतु सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों से मामूली दरों पर अथवा मुफ्त राशन मुहैया कराने की मुहिम में जुटी हुई है वहीं दूसरी ओर एक जनप्रतिनिधि द्वारा सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता के साथ किया जा रहा दबंगई का ऐसा कृत्य शर्मनाक है। समय रहते जिम्मेदार अधिकारियों ने यदि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर दोषी के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही नहीं की तो भविष्य में कोटेदारों का उत्पीड़न और गंभीर रूप ले सकता है। उधर दूसरी ओर जब क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी से इस बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया गया था उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में है। उच्चाधिकारियों को इसकी जानकारी दी जा रही है।

**नशे में कार चला...**लिया। कार चालक महिला शराब के नशे में थी जो कि कार चलाने की स्थिति में असमर्थ थी जिसकी लापरवाही के कारण यह घटना हुई है। उसके बाद पुलिस मौके पर पहुँची तथा कार चालक महिला को लेकर निजी अस्पताल गई। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**नौकरी दिलाने...**दिये । उसके बाद कम्पनी के इन नम्बरो पर मेरे द्वारा सम्पर्क किया गया तो वह विभिन्न प्रकार के बहाने बनाते रहे और अब मेरा काल नही उठा रहे है। उसे दिल्ली एयर एशिया कम्पनी का प्रतिनिधि बनकर डाटा इण्ट्री जाब के नाम पर कम्प्यूटर संसाधनों का प्रयोग कर रूपये 74,800 की आन लाइन धोखाधड़ी की गयी है। पुलिस ने रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दीपांशु भाजयुमो नगर मंत्री मनोनीत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भाजयुमो जिलाध्यक्ष कार्तिक हरबोला ने दीपांशु शर्मा को भारतीय जनता युवा मोर्चा का नगर मंत्री मनोनीत किया है। इससे पूर्व वह करीब तीन वर्षों से सोशल मीडिया प्रमुख का दायित्व निभा रहे थे। उनके मनोनयन पर जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट सहित कई नेताओं पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है।

# दो महिलाओं समेत सात के खिलाफ विद्युत चोरी का मुकदमा

काशीपुर(उद संवाददाता)। विद्युत चोरी के आरोप में पुलिस ने तहरीर के आधार पर 2 महिलाओं समेत कुल 7 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि अंसार की कॉलोनी मोहल्ला अल्ली खां निवासी दानिश पुत्र इकबाल तथा यही कि रहनुमा पत्नी इसरार अहमद के अलावा फारुख की बर्फ वाली गली मोहल्ला कर्बला निवासी खालिक अहमद, मुनव्वर हुसैन पुत्र मुन्ना, आसमा पत्नी शाकिर हुसैन, नफीस अहमद पुत्र नजाकत, तथा मोहम्मद रफी पुत्र आमिर निवासी उपरोक्त पिछले लंबे समय से एलटी लाइन में कटिया डालकर विद्युत चोरी किया करते थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उपरोक्त सभी सात आरोपियों के खिलाफ धारा 135 विद्युत अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया है।

**सूचना सम्बंध विच्छेद**

सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र सुनील कुमार व उसकी पत्नी कृतिका विवाह के बाद से ही घर में लडाई झगडा करते हैं तथा परिवार का कहना नहीं मानते हैं। उसकी कृत्यों से परेशान होकर मैंने पुत्र सुनील कुमार व पुत्रवधू कृतिका से अपने पारिवारिक सम्बंध विच्छेद करते हुए उन्हें अपनी समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में पुत्र सुनील व पुत्र वधू कृतिका द्वारा किये गये किसी भी कार्य अथवा लेन देन के लिए वह स्वयं जिम्मेवार होंगे। मेरा या मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का इससे कोई सरोकार नहीं होगा।

**मुकेश कुमार पुत्र श्री प्रेम शंकर निवासी अटरिया मंदिर, जगतपुरा, वार्ड नं0 1, रूद्रपुर जिला उधमसिंहनगर**

# वाल्मीकि मंदिर में किया पाठ सत्संग

काशीपुर(उद संवाददाता)। भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज ने बीते 26अप्रैल को भगवान् वाल्मीकि तीर्थ सीतावनी रामनगर में श्रद्बा-पर्व सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर बीती सायं मोहल्ला महेशपुरा वाल्मीकि मन्दिर पर भावाधस-भीम के पद आधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भगवान् वाल्मीकि मन्दिर में निकनेम पाठ ष्सत्संग कार्यक्रम किया! सर्वप्रथम भगवान् वाल्मीकि प्रतिमा पर वाल्मीकि पचायत के सरपंच डीपी रत्नाकर द्बारा परमात्मा के आगे दीप प्रज्ज्वलित कर नित्य नेम का पाठ किया गया! पूजा अर्चना के बाद वाल्मीकि बस्ती में प्रसाद वितरण किया गया। भगवान् वाल्मीकि मन्दिर में सत्संग कार्यक्रम में उपस्थित विनोद सूद, शिव नन्दन टाक,सुनील वैध,कन्नौज वाल्मीकिन निशान्त वाल्मीकिन,गब्बर वाल्मीकन,कमल वाल्मीकि, रागनी टाक, परूल वाल्मीकि, अनीता देवी वाल्मीकि, तानिया, हैप्पी टाक आदि श्रद्धालु मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


केन्द्रीय पर्यटन
एवं रक्षा राज्य मंत्री
माननीय
श्री अजय भट्ट जी
को जन्म दिन की
हार्दिक शुभकामनाएं
शिव अरोरा
विधायक रूद्रपुर
सुशील गावा
भाजपा नेता
राजेश अरोरा 'पप्पल'
भाजपा नेता
मनोज मदान
भाजपा नेता